RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-276 | जयपुर, गुरुवार, 02 अप्रैल 2026 | मूल्य-4 रुपये

एक दिन पहले ईरान ने टॉप अमेरिकी कंपनियों पर अटैक की धमकी दी थी

## बहरीन में अमेजन ऑफिस को बनाया निशाना, सबसे बड़ी कंपनी बैटेलको को उड़ाया

### माइक्रोसॉफ्ट-एपल, गूगल भी निशाने पर

### ट्रम्प बोले- ईरान से डील की कोई जरूरत नहीं

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी



ईरान ने बहरीन में आज अमेरिकी कंपनी अमेजन वेब सर्विस के एक डेटा सेंटर पर हमला किया। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, हमले के बाद उस जगह पर आग लग गई।

इससे पहले बहरीन के गृह मंत्रालय ने भी बताया था कि एक कंपनी की इमारत में आग लगी है, जिसे फायर ब्रिगेड की टीम बुझा रही थी। हालांकि उस समय कंपनी का नाम नहीं बताया गया था। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब एक दिन पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने मिडिल ईस्ट में काम कर रही 18 अमेरिकी कंपनियों को निशाना बनाने की धमकी दी थी। इनमें माइक्रोसॉफ्ट, एपल, गूगल, मेटा जैसी कंपनियां शामिल हैं।

वहीं डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए किसी समझौते (डील) की जरूरत नहीं है। अमेरिका यह युद्ध 2 से 3 हफ्तों में खत्म कर सकता है।

### हिज्बुल्लाह का इजराइली सैन्य ठिकाने पर हमला

लेबनानी सशस्त्र समूह का कहना है कि उसने कब्जे वाले शहर हाइफा के पूर्व में किर्यात अता इलाके में इजराइली सेना के बुनियादी ढांचे पर रॉकेटों की बौछार की है। हिज्बुल्लाह ने कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान के ऐनाटा शहर में घुसपैठ करने वाले इजराइली सैनिकों को निशाना बनाया, और उत्तरी इजराइल के मालकिया और मेटुला शहरों पर रॉकेट दागे हैं।

ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 400 मालवाहक जहाज और तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार करने के लिए ईरान की अनुमति का इंतजार कर रहे हैं।

मेहर के संवाददाता ने लारक द्वीप से रिपोर्ट दी है कि ये जहाज जलडमरूमध्य के पीछे या ईरान के लारक, होर्मुज और केशम द्वीपों के आस-पास रुके हुए हैं।

## ब्रिटिश पीएम का ट्रंप का साथ देने से इनकार, बोले-देश हित में करेंगे कार्य

स्टार्मर बोले-जंग में शामिल नहीं होंगे, ये हमारी लड़ाई नहीं

पूरा पश्चिम एशिया युद्ध की आग में सुलग रहा है। इस्राइल और अमेरिका ने मिलकर सबसे पहले ईरान पर हमला किया। बदले में ईरान ने आस-पास के सभी दुश्मन देशों को निशाना बनाया। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगी देशों से मदद की अपील की थी। लेकिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ईरान युद्ध में शामिल न होने के अपने रुख पर अडिग हैं। दरअसल, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने एक बड़ा और कड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन, ईरान के खिलाफ अमेरिका और इस्राइल के सैन्य अभियान में कतई शामिल नहीं होगा। उन्होंने साफ-साफ कहा कि यह हमारी लड़ाई नहीं है। उनका यह फैसला ऐसे समय में आया है जब नाटो सहयोगी देशों की तरफ से ब्रिटेन पर इस जंग में कूदने का भारी दबाव बनाया जा रहा था। प्रधानमंत्री ने साफ किया कि वह देश की सेना को किसी ऐसे आक्रामक अभियान का हिस्सा नहीं बनने देंगे जिससे ब्रिटेन के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचे। उन्होंने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि ब्रिटेन अतीत में इराक युद्ध जैसी गलतियों से काफी कुछ सीख चुका है और वह उन गलतियों को दोहराना नहीं चाहता।

### ट्रम्प ने नाटो को कागजी शेर बताया

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह झ्ञह से बाहर निकलने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। उन्होंने झ्ञह को कागजी शेर बताया। एक इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि वह पहले से ही झ्ञह से ज्यादा प्रभावित नहीं थे और उन्हें लगता है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी

## लोकसभा में विदेशी अंशदान संशोधन विधेयक पर हंगामा, 'एफसीआरए बिल वापस लो' के नारे लगे

### अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल पास

नई दिल्ली




लोकसभा ने बुधवार को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) बिल, 2026 को पास कर दिया है। इस बिल के जरिए अमरावती को रज्य की एकमात्र और स्थायी राजधानी का कानूनी दर्जा मिलेगा।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह बिल पेश किया था। इस पर एक घंटे से ज्यादा बहस हुई, जिसके बाद इसे वॉयस वोट से मंजूरी दे दी गई। इससे पहले बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने विदेशी अंशदान संशोधन बिल को लेकर हंगामा किया। उन्होंने FCRA बिल वापस लो के नारे लगाए। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों से शांत रहने की अपील की, लेकिन विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर विरोध करते रहे।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज FCRA बिल पर लोकसभा में बहस नहीं होगी। यह बिल विदेशी अंशदान (विनियमन) कानून में संशोधन से जुड़ा है, जिसे 25 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया था।

इसमें विदेशी फंडिंग से जुड़े नियमों को और स्पष्ट और सख्त करने का प्रस्ताव है, ताकि NGO को मिलने वाले विदेशी चंदे में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई जा सके। बिल में यह भी प्रावधान है कि जिन NGO का पंजीकरण रद्द, सरेंडर या समाप्त हो जाता है, उनकी विदेशी फंडिंग और संपत्तियों के प्रबंधन व निपटान के लिए एक नामित प्राधिकरण बनाया जा सकता है।

### राज्यसभा में हंगामा, सेलेक्ट कमेटी की मांग पर विपक्ष का वॉकआउट

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सदस्य चाहते हैं कि बिल को सेलेक्ट कमेटी को भेजा जाए। इसी मांग को लेकर विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी करते हुए सदन से वॉकआउट किया।

इस पर सदन के नेता जेपी नड्डा ने जवाब देते हुए कहा कि मैं पहले भी कह चुका हूं, इन्हें बहस में कोई दिलचस्पी नहीं है। इन्हें संसदीय प्रक्रिया का भी सम्मान नहीं है।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने FCRA बिल पर कहा कि यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। कई बिल पेश होते हैं, लेकिन उन्हें स्थिति के हिसाब से लिया जाता है। आंध्र प्रदेश से जुड़ा बिल जरूरी था, इसलिए आज उसे लिया गया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के आरोपों पर नहीं, हकीकत पर ध्यान देना चाहिए। हम हमेशा नियमों का पालन करते हैं।

ट्रांसजेंडर से जुड़े कानून में बदलाव को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई है। नए प्रावधानों में ट्रांसजेंडर लोगों के खिलाफ हिंसा के मामलों में अलग-अलग स्तर की सजा तय की गई है। संशोधन में ट्रांसजेंडर की परिभाषा को साफ किया गया है।

## खनन माफिया के हमले में 5 वनकर्मी घायल

### अवैध पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली छुड़वाकर ले गए

**निवाई।** टोंक में वन विभाग की टीम पर खनन माफिया द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में 5 वनकर्मी घायल हुए है। हमलवार जब्त किया हुआ ट्रैक्टर-ट्रॉली भी छुड़वाकर ले गए। आरोपियों ने विभाग की गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए।

वनपाल ने निवाई थाने में मामला दर्ज कराया है। घटना थाना क्षेत्र में रक्तांचल पर्वत के पीछे बुधवार दोपहर को हुई।

थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया- सहायक वनपाल जगदीश गुर्जर के नेतृत्व में गश्ती दल सरकारी वाहन से गश्त कर रहा था। इसी दौरान उन्हें अवैध पत्थरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली दिखाई दी। गश्ती दल को देखकर ट्रैक्टर ड्राइवर ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया।

जब गश्ती दल ट्रैक्टर-ट्रॉली को निवाई रेंज लेकर आ रहा था, तभी बिना नंबर की बाइक पर श्योसिंहपुरा सीदड़ा निवासी बाबू और रमेश समेत 7-8 लोग आए और झगड़ा करने लगे। आरोपियों ने मोबाइल बंद करवा दिया और हमला कर दिया। हमलावर ट्रैक्टर ट्रैक्टर-ट्रॉली को छुड़ाकर ले गए।

हमले में सहायक वनपाल नरेंद्र सिंह राठौड़, विनोद चौधरी, कल्पना राजावत, वन रक्षक बर्मा चौधरी और वाहन चालक मोहम्मद यूसुफ घायल हुए हैं।

पश्चिम एशिया में हालात की समीक्षा, एलपीजी और पेट्रोल-डीजल सहित जरूरी सामानों पर चर्चा की

## पीएम ने सुरक्षा पर कैबिनेट कमेटी मीटिंग की अध्यक्षता की

नई दिल्ली

दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार शाम 7 बजे कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक हुई। इसमें पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारत में मौजूदा हालात की समीक्षा की गई।

मीटिंग में अमित शाह, एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, शिवराज सिंह चौहान, जेपी नड्डा, अश्विनी वैष्णव, मनोहर लाल खट्टर, प्रल्हाद जोशी, किंजरापु राममोहन नायडू और हरदीप सिंह पुरी समेत कई केंद्रीय मंत्री शामिल रहे।



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, पीएम के प्रमुख सचिव पी.के. मिश्रा और शक्तिकांत दास और कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन भी मीटिंग में शामिल हुए। इस दौरान आम लोगों की जरूरी जरूरतों जैसे खाद्य, LPG और पेट्रोल-डीजल उपलब्धता पर चर्चा की गई।

पिछले 10 दिनों के भीतर CCS की यह दूसरी मीटिंग है। इससे पहले 23 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छ्ष्ट्स मीटिंग की अध्यक्षता की थी। इसमें भारत पर पश्चिम एशिया में संघर्ष के प्रभाव को कम करने के उपायों का आकलन किया गया था।

पीएम ने कहा था कि यह समस्या लगातार बढ़ रही है और पूरी दुनिया इससे प्रभावित हो रही है। उन्होंने निर्देश दिया था कि सरकार के सभी विभाग मिलकर काम करें ताकि आम लोगों को कम से कम परेशानी हो।

मीटिंग में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अन्य अधिकारी मौजूद थे। कैबिनेट सचिव ने अब तक उठाए गए और प्रस्तावित कदमों की जानकारी दी थी।

इसके अलावा कृषि, उर्वरक, खाद्य सुरक्षा, पेट्रोलियम, बिजली, स्स्स्ब्धह्य, निर्यात, शिपिंग, व्यापार, वित्त और सप्लाई चेन जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर संभावित प्रभाव और उससे निपटने के उपायों पर चर्चा हुई।

## 218 तक महंगा हुआ कॉमर्शियल सिलेंडर

नई दिल्ली

आज 1 अप्रैल है। नए वित्त वर्ष की शुरुआत कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के महंगे होने से हुई है। सरकारी तेल कंपनियों ने इसके दाम 218 रुपए तक बढ़ा दिए हैं। इसके अलावा अब रेल टिकट 8 घंटे पहले तक ही कैंसिल कर पाएंगे। आज से फास्टैग, टोल टैक्स के साथ इनकम टैक्स से जुड़े नियम मिलाकर कुल 15 बदलाव हो रहे हैं। तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 218 तक महंगा कर दिया है। चेन्नई में ये सबसे महंगा 2246.50 रुपए में मिलेगा। दिल्ली में इसकी कीमत 2078.50 हो गई है। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च बढ़ेगा। ऐसे में वें चाय, नाश्ते और थाली महंगी कर सकते हैं। शादियों की कैटरिंग भी महंगी हो सकती है।

ट्रेन छूटने से 8 घंटे पहले तक टिकट रद्द करने पर ही रिफंड मिलेगा। पहले यह समय 4 घंटे था। यात्री ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले तक बोर्डिंग स्टेशन भी बदल पाएंगे। समय पर टिकिट कैंसिल नहीं कर पाने पर पैसों का नुकसान होगा। रिफंड के नियमों को सख्त करने से आम यात्रियों को कंफर्म टिकट मिलने की संभावना बढ़ेगी।

**फास्टैग एनुअल पास**

आज से फास्टैग का एनुअल पास रिन्यू कराने पर आपके वॉलेट से ज्यादा पैसे कटेंगे। NHAI ने एनुअल पास की कीमतों में 2.5% की बढ़ोतरी कर दी है।

## नागपुर-मुंबई एक्सप्रेसवे पर ट्रक-टेम्पो में टक्कर, 8 महिलाओं की मौत

### तीन लोग घायल, ट्रक चालक गिरफ्तार

नई दिल्ली



महाराष्ट्र के जालना जिले में नागपुर-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बुधवार शाम तेज रफ्तार ट्रक ने एक टेम्पो को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 8 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। सभी पीड़ित मजदूर हैं।

हादसा कडवांची गांव के पास तब हुआ जब महिला मजदूर एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम खत्म कर टेम्पो से घर लौट रही थीं। टेम्पो स्टार्ट होने ही वाला था कि मुंबई की ओर जा रहे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर से टेम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और शव सड़क पर बिखर गए। टेम्पो में कुल 11 लोग सवार थे, जिनमें से 7 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

मृतकों की पहचान अलकाबाई आडमने (45), लक्ष्मीबाई मदन (35), मीना आडमने (45), कंचन आडमने (50), ताराबाई चौधरी (60), कडूबाई मदन (55) और सुमन आडमने (70) के रूप में हुई है। एक मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मामला दर्ज किया है। महाराष्ट्र की पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों और घायलों को आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आठ लोगों की मौत अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

## इस साल गर्मी कम, बरसात ज्यादा होगी

### राजस्थान में लू के दिन कम रहेंगे, धूप नहीं सताएगी

जयपुर



नई दिल्ली मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार राजस्थान में इस साल भीषण गर्मी नहीं होगी। दिन का तापमान और लू का असर भी हर साल की तुलना में काफी कम रहेगा। मंगलवार को जारी पूर्वानुमान के अनुसार रात का तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है। एक्सपर्ट के अनुसार इस बदलाव का प्रमुख कारण ज्यादा संख्या में आने वाले वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और बारिश है। इस साल मार्च में भी पश्चिमी विक्षोभ का असर रहा। करीब 20 दिन तक रुक-रुककर हुई बरसात और ओले गिरने से गर्मी कंट्रोल में रही।

इस बार दिन का तापमान सामान्य से नीचे रहने के कारण हीटवेव के दिन भी सामान्य से बहुत कम रहने का अनुमान है। जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा संभाग के एरिया में सबसे कम हीटवेव चलेगी।

बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर में सामान्य या उससे थोड़े ज्यादा दिन हीटवेव का असर रहेगा। यहां दिन का तापमान 47 से 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, लेकिन इस साल ये कम रहेगा।

मौसम विज्ञान केन्द्र ने सामान्य से 5 डिग्री अधिक तापमान में चलने वाली गर्म और सूखी हवा को हीटवेव की श्रेणी में रखता है। अधिकतम तापमान 47 डिग्री के पार पहुंचने पर चलने वाली गर्म हवा को गंभीर हीटवेव माना जाता है। एक्सपर्ट के अनुसार हीटवेव चलने का प्रमुख कारण है ग्लोबल वॉर्मिंग, बारिश या बादल का न होना और तेज धूप। हीटवेव का असर मैदानी इलाकों में सबसे ज्यादा होता है।

इस साल मार्च के पहले 10 दिन तेज गर्मी रही। उसके बाद लगातार आए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से बारिश, आंधी, ओलों ने तापमान को नियंत्रित कर दिया।

## विद्यालय विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और संस्कारों के विकास के केन्द्रः मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने आदर्श विद्या मंदिर राजापार्क में बहुउद्देशीय सभागार का किया लोकार्पण

जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों में संस्कार के बीज बोते हैं। शिक्षक विद्यार्थी के जीवन में विद्या दान देकर उन्हें मजबूत बनाते हैं और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श विद्या मंदिर संस्थान केवल एक विद्यालय नहीं, बल्कि समाज में निस्वार्थ सेवा, सहयोग और करुणा भी भावना का विस्तार कर रही है। बच्चों में शिक्षा के साथ यह विद्यालय नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों पर बल देता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की अवधारणा पर कार्य करते हुए अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं।

शर्मा बुधवार को आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय, राजापार्क में बहुउद्देशीय सभागार के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवीन सभागार के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकों और भामाशाहों को बधाई देते हुए कहा कि यह सभागार उन हजारों सपनों की नींव पर खड़ा हुआ है, जो इस विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों और दानदाताओं ने मिलकर बुने हैं। उन्होंने इन ज्ञान केन्द्रों के विकास में सभी लोगों से अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

### आदर्श विद्या मंदिर ने समाज में फैलाया मानवता का संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों में करुणा का भाव विकसित करना विद्यालयों का दायित्व है, जिससे उनमें वसुधैव कुटुम्बकम की भावना फलीभूत हो। उन्होंने कहा कि जिस देश के बच्चे अपनी विरासत को जानते हैं, उस देश के विकास को कोई भी नहीं रोक सकता। आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जोड़ने का काम करते हैं। साथ ही, शांति, सद्भाव और मानवता का संदेश यहां से निकलकर पूरे समाज में फैला है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय भविष्य की पीढ़ियों को अध्यात्म और भारतीय ज्ञान की धरोहर से परिचित कराते हैं, जो हमारे ऋषि-मुनियों ने हजारों वर्षों में संजोई है।

### भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश का सबसे बड़ा धन उसकी युवा पीढ़ी होती है। युवा शक्ति राष्ट्र की दशा और दिशा बदल सकती है। भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है, जो हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों के व्यक्तित्व को गढते हैं। विद्यार्थी जब आगे बढ़ते हैं, तो उनके हर कदम में गुरु का आशीर्वाद होता है। वे युवाओं में शिक्षा के साथ ही संस्कार और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि जब एक शिक्षित युवा समाज में जाता है, तो वह केवल अपना ही नहीं, बल्कि पूरे देश का भविष्य उज्जवल करता है।

बंगाल एसआईआर- 60 लाख में 47 लाख आपत्तियां निपटीं

## 7 अप्रैल तक सबका निपटारा होगाः सुप्रीम कोर्ट

### ट्रिब्यूनल गलत तरीके से जोड़े-हटाए नामों को सुधारेंगे

नई दिल्ली



कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बाद 60 लाख आपत्तियों में से लगभग 47 लाख आपत्तियों का निपटारा 31 मार्च तक कर दिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच ने बताया कि उन्हें मंगलवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का लेटर मिला है। इसमें बताया गया है कि हर दिन लगभग 17.5 लाख से 2 लाख आपत्तियों को निपटाया रहा है।

हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट को यह भी बताया गया कि सभी लंबित आपत्तियों का निपटारा 7 अप्रैल तक पूरा होने की संभावना है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- हम तथ्यों और आंकड़ों से काफी संतुष्ट हैं। कोर्ट ने अपीलीय ट्रिब्यूनल को वोटर लिस्ट में गलत तरीके से जोड़े या हटाए नामों को सुधारने का अधिकार भी दिया।

कोर्ट ने कहा- वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने के खिलाफ लोगों की अपील सुन रहे ट्रिब्यूनल नए दस्तावेजों को स्वीकार कर सकते हैं। हालांकि बिना वेरिफिकेशन दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

पहले कोर्ट ने कहा था कि अपीलीय ट्रिब्यूनल ऐसे नए दस्तावेज स्वीकार नहीं करेंगे, जो पहले जांच अधिकारी के सामने पेश नहीं किए गए थे। हालांकि अब कोर्ट ने अपने आदेश में बदलाव किया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने चिंता जताई कि नए वोटर के रूप में रजिस्ट्रेशन के लिए एक साथ बड़ी संख्या में फॉर्म-6 जमा किए जा रहे हैं। इसपर कोर्ट ने कहा- जब तक कोई चीज रिकॉर्ड में न हो, हम जुबानी दलीलों के आधार पर कोई फैसला नहीं कर सकते।

# राजस्थान में सितंबर तक नहीं होंगे पंचायत और निकाय चुनाव, ओबीसी आयोग का कार्यकाल बढ़ा

स्मार्ट हलचल| जयपुर




राजस्थान पंचायत और शहरी निकाय चुनाव को लेकर काफी समय से इंतजार किया जा रहा है। वहीं विपक्ष भी लगातार सरकार पर जबरन चुनाव नहीं कराने का आरोप लगा रही है। विपक्ष का दावा है कि ओबीसी रिपोर्ट की आड़ में चुनाव नहीं कराया जा रहा है। साथ ही यह दावा है कि सरकार अभी चुनाव कराएगी तो उसे हारने का डर सता रहा है। वहीं चुनाव को लेकर नया अपडेट सामने आया है। जिसमें साफ हो गया है कि अभी सितंबर तक निकाय चुनाव के कोई आसार नहीं हैं।

राजस्थान में पंचायतीराज और शहरी निकाय चुनावों को लेकर तस्वीर अब लगभग साफ हो चुकी है। राज्य सरकार द्वारा ओबीसी (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग का कार्यकाल 30 सितंबर तक बढ़ाए जाने के बाद अब सितंबर तक चुनाव होने की संभावना लगभग खत्म हो गई है। ऐसे में चुनाव अक्टूबर तक टलते नजर आ रहे हैं।

### क्यों टल रहे हैं चुनाव:

निकाय और पंचायतीराज चुनावों में सबसे बड़ा पेंच ओबीसी आरक्षण को लेकर फंसा हुआ है। आयोग की रिपोर्ट के बिना सीटों का आरक्षण तय नहीं किया जा सकता, जिससे पूरी चुनाव प्रक्रिया अटकी हुई है।

### आयोग को जिलों से मिले आंकड़ों में खामी मिली:

कई पंचायतों के जनसंख्या डेटा अधूरे या गलत मिले हैं। जनाधार के डेटा से भी आयोग ने रिपोर्ट में मदद ली, लेकिन उसमें भी गड़बड़ दिखी। तकरीबन 400 गांव में तो इस रिकॉर्ड के मुताबिक ओबीसी की कोई आबादी ही नहीं थी। साथ ही एससी-एसटी और ओबीसी का सही अनुपात तय नहीं हो पा रहा। इसी कारण आयोग समय पर रिपोर्ट नहीं दे पाया और कार्यकाल बढ़ाना पड़ा।

### सितंबर तक क्यों बढ़ाया गया कार्यकाल:

ऐसा माना जा रहा है कि सरकार की मंशा ट्रिपल टेस्ट कि है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के 'ट्रिपल टेस्ट' नियम के तहत सही सर्वे और डेटा के आधार पर ही आरक्षण लागू किया जाए, ऐसा सरकार से जुड़े लोगों का मानना है। पहले 31 मार्च तक रिपोर्ट आने की उम्मीद थी, लेकिन डेटा अधूरा होने से सर्वे दोबारा करना पड़ रहा है। अब यह प्रक्रिया सितंबर तक पूरी होने की संभावना जताई जा रही है। आयोग का गठन सरकार ने मई 2025 में किया था, इसके बाद आयोग की रिपोर्ट में लग रहे वक्त के चलते इसकी मियाद एक बार फिर बढ़ाई गई है।

## मजदूरी कर पिता ने सींचा सपना, बेटी यामिनी ने 12वीं बोर्ड में 97.80% अंक लाकर रचा इतिहास



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** कहा जाता है कि अगर इरादे फौलादी हों, तो गरीबी और अभाव कभी सफलता का रास्ता नहीं रोक सकते । इस बात को सच कर दिखाया है सवाईपुर क्षेत्र के नंदराय गांव की रहने वाली मेधावी छात्रा यामिनी कुमारी तेली ने । कल मंगलवार को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कला वर्ग की परीक्षा में यामिनी ने 97.80% अंक हासिल कर अपनी सफलता का परचम लहराया है, इसके साथ ही यामिनी ने अपने गांव, विद्यालय, क्षेत्र, माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन किया । परिणाम घोषित होते ही यामिनी के घर और पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई । एक मजदूर की बेटी की इस असाधारण उपलब्धि पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी है । यामिनी अब आगे उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने व्याख्याता राम प्रकाश की तरह प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती हैं ।।

### संघर्ष की नींव पर सफलता की इमारत

यामिनी के पिता गोपाल लाल तेली, पेशे से एक मजदूर हैं । दिनभर कड़ी धूप और मेहनत कर मजदूरी करने वाले गोपाल लाल का सपना था कि उनकी बेटी पढ़-लिखकर कुछ बड़ा बने । यामिनी ने भी अपने पिता के पसीने की हर बूंद की कीमत समझी और बिना किसी महंगी कोचिंग या सुख-सुविधाओं के, सरकारी स्कूल में पढ़ते हुए यह मुकाम हासिल किया ।।

### माता-पिता और गुरुजनों को दिया सफलता का श्रेय

यामिनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए, बताया कि उन्होंने नियमित अध्ययन और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित किया । उनके पिता ने मजदूरी करते हुए कभी भी उनकी पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी, जो उनके लिए सबसे बड़ी प्रेरणा रही ।।

### हर्ष का विषय: विद्यालय परिवार ने दी हार्दिक बधाई

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए समस्त स्टाफ और परिजनों ने उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर व्याख्याता राम प्रकाश साहू, पूजा वर्मा, कैलाश चंद मीणा, शिक्षक मुकेश कुमार तेली सहित माधुराम तेली सभी ने इस सफलता की सराहना की और भविष्य में भी इसी तरह निरंतर प्रगति करने का आशीर्वाद दिया।

जहाजपुर पुलिस की कार्रवाई

## 468 अवैध शराब की बोतलों के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 31 मार्च 2026 को की गई।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक कंटेनर में भरी हुई 39 कार्टून में कुल 468 अवैध शराब की बोतलें बरामद की हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जाकिर हुसैन, निवासी रायपुर कोटड़ा, थाना सोहना, जिला गुड़गांव (हरियाणा), मुस्ताक पठान, निवासी मंगरोका, थाना हथीन, जिला पलवल (हरियाणा)

### कार्रवाई करने वाली टीम

थाना प्रभारी: लोकपाल सिंह राठौड़, उप निरीक्षक: देशराज सिंह, सहायक उप निरीक्षक: राजेश कुमार, अन्य स्टाफ: कॉन्स्टेबल गिरिराज, मनोज, पप्पूलाल, मनराज, पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## रील विवाद में 9वीं के 28 छात्र फेल, स्कूल पर अभिभावकों का हंगामा, जांच टीम पहुंची





स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** आमली गढ़ पाछली स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 9वीं कक्षा के परिणाम को लेकर विवाद गहरा गया है।कक्षा में कुल 57 छात्रों में से 28 छात्रों के फेल होने से अभिभावकों में भारी रोष व्याप्त है।इनमें अधिकांश छात्र गणित विषय में असफल घोषित किए गए हैं,जिससे मामला और अधिक गंभीर हो गया है।अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि यह कार्रवाई शैक्षणिक आधार पर नहीं,बल्कि व्यक्तिगत नाराजगी के चलते की गई है।उनका कहना है कि विद्यालय की गणित शिक्षिका राखी गुप्ता स्कूल समय के दौरान छात्राओं के साथ फिल्मी गानों पर इंस्टाग्राम रील्स बनाने में व्यस्त रहती थीं,जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही थी।जब इस बात का कुछ छात्रों और अभिभावकों ने विरोध किया,तो शिक्षिका ने नाराज होकर संबंधित छात्रों को अपने विषय में फेल कर दिया।मामले के विरोध में बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक विद्यालय पहुंचे और शिक्षिका को हटाने की मांग को लेकर हंगामा किया।स्थिति बिगड़ने की सूचना पर मंगरोप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश कर मामला शांत कराया। इस दौरान अभिभावकों कालू सुवालका, शंभूलाल कुमावत, लालाराम गाडरी, रामेश्वर गाडरी, शंकर गाडरी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने लिखित ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष जांच और फेल हुए छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच (री-चेकिंग) कराने की मांग की।जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वरलाल जीनगर ने बताया कि शिकायत के आधार पर तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी गई है।टीम ने विद्यालय पहुंचकर अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों के बयान दर्ज किए हैं।जांच के दौरान संबंधित शिक्षिका ने स्कूल में रील बनाने की बात स्वीकार करते हुए अभिभावकों से माफी भी मांगी।विद्यालय की प्रधानाचार्या उमा डोलियां ने कहा कि उन्हें पहले इस गतिविधि की जानकारी नहीं थी। अब सभी शिक्षकों को कक्षा में मोबाइल नहीं ले जाने के निर्देश दिए गए हैं।साथ ही भविष्य में ऐसी लापरवाही पाए जाने पर सख्त विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।फिलहाल,अभिभावक निष्पक्ष जांच और छात्रों के साथ न्याय की मांग पर अड़े हुए हैं।

## 108 एम्बुलेंस बनी 'देवदूत' रास्ते में कराया सुरक्षित प्रसव

स्मार्ट हलचल




**लाडपुरा।** बुधवार सुबह 10 बजे बिजोलिया उप जिला अस्पताल से भीलवाड़ा रेफर की गई एक महिला के लिए 108 एम्बुलेंस स्टाफ की सक्रियता वरदान साबित हुई। एम्बुलेंस में ही महिला का सफल प्रसव कराया गया। जानकारी के अनुसार, पत्नी पूजा कुमारी,पति मनोज कुमार को प्रसव के लिए बिजोलिया से भीलवाड़ा रेफर किया गया था। भीलवाड़ा ले जाते समय महिला को अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति की गंभीरता और समय की कमी को देखते हुए ईएमटी विश्वजीत सिंह ने तुरंत निर्णय लिया और एम्बुलेंस को सड़क किनारे रुकवाकर प्रसव की प्रक्रिया शुरू की। ईएमटी विश्वजीत सिंह ने सूझबूझ दिखाते हुए एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव संपन्न कराया। इस दौरान पायलेट कन्हैया लाल प्रजापति ने भी सराहनीय सहयोग प्रदान किया। सफल प्रसव के बाद मां और नवजात शिशु को तुरंत महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों की स्थिति स्थिर और सामान्य बताई है। एम्बुलेंस स्टाफ की इस तत्परता की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

## करौली को मिला नया कलेक्टर, अक्षय गोदारा संभालेंगे कमान

स्मार्ट हलचल| अजीम खान

करौली/राजस्थान प्रशासनिक बेड़े में बीती रात बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। राज्य सरकार ने देर रात 65 आईएएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी कर प्रशासनिक व्यवस्था को नई गति देने की कोशिश की है। इस फेरबदल का असर करौली जिले पर भी पड़ा है, जहाँ अब नए जिला कलेक्टर की तैनाती की गई है। तबादलों की बड़ी लिस्ट: राजस्थान सरकार द्वारा जारी ताज़ा सूची में 65 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के नाम शामिल हैं। इसमें कई जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं। नीलाभ सक्सेना का विदाई संदेश: करौली के वर्तमान जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना का स्थानांतरण अब राजधानी जयपुर कर दिया गया है। उनके कार्यकाल के दौरान जिले में किए गए प्रशासनिक कार्यों की चर्चा रही है। अक्षय गोदारा होंगे नए मुखिया: करौली की कमान अब युवा आईएएस अधिकारी अक्षय गोदारा के हाथों में होगी। गोदारा इससे पहले बूंदी जिला कलेक्टर के पद पर अपनी सेवाएँ दे रहे थे। चुनौतियां और प्राथमिकताएं: नए कलेक्टर अक्षय गोदारा के सामने जिले में विकास कार्यों को गति देने और जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने की अहम जिम्मेदारी होगी। प्रशासनिक गलियारों में इस बदलाव को आगामी योजनाओं और जमीनी स्तर पर कार्यक्षमता बढ़ाने के नजरिए से देखा जा रहा है।

## अवैध बजरी खनन के खिलाफ बड़लियास पुलिस की बड़ी कार्यवाही



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर क्षेत्र के बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र में अलग-अलग कार्रवाई करते हुए पांच ट्रैक्टर ट्राली व एक ट्रेलर को जब्त किया । थाना प्रभारी मुन्नीराम चोयल ने बताया कि आज बुधवार को पुलिस थाना बडलियास के द्वारा दो अलग अलग जगहों सरहद दोवनी ओर सिंहपुरा बनास नदी में अवैध बजरी खनन करते पाए जाने से 1 ट्रेलर ओर 5 ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया । पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान एएसआई जेठमल, दीवान बजरंग लाल, विजय विक्रम सिंह, संदीप योगी, दिनेश कुमार लक्ष्कार अशोक महिया, कांस्टेबल सूर्यज्ञान सिंह, विनोद कुमार, संदीप स्वामी आदि शामिल थे।

## महुआ में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



स्मार्ट हलचल


**आकोला।** महुआ कस्बे में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महुआ कस्बे का नाम रोशन किया।नैंसी 97.20 प्रतिशत, युवराज सिंह 92.60 प्रतिशत,खुशी धाकड़ 92.60 प्रतिशत,दीक्षा जैन 91.60 प्रतिशत,परिधि जैन 89.60 प्रतिशत इस तरह कक्षा 10 वीं बिट्टू सेन 83 प्रतिशत, अक्षिता जैन 81 प्रतिशत, जय सिंह 79 प्रतिशत अंक प्राप्त करे वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर स्वागत किया।इस विद्यार्थियों का बुधवार को प्रधानाचार्य नाथू लाल मीणा, नाथू लाल सुथार, अंशुल कुमार शर्मा, राममूर्ति मीणा, मनीषा कुमारी गौतम, जितेश कुमार मीणा, रामेश्वर माली सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध कठोर कार्यवाही जारी

## 6 करोड रुपए कीमत के 20 भूखंड अतिक्रमण से मुक्त

### श्री गेस्ट हाउस से सुभाष नगर थाने तक नाले एवं सड़क से अतिक्रमण हटाया, 20 फीट चौड़ी सड़क हुई 40 फीट





स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा शहर में हो रहे अतिक्रमण के विरुद्ध कठोर कार्यवाही निरंतर जारी है, आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि ज्योति नगर में विभिन्न व्यक्तियों द्वारा निगम के भूखंडों पर काफी वर्षों से कब्जा किया हुआ था जिस पर निगम द्वारा कार्यवाही करते हुए लगभग 20 हजार वर्ग फीट के भूखंडों को अतिकर्मियों से मुक्त कराया गया जिसकी बाजार कीमत लगभग 6 करोड रुपए है। इसी के साथ अतिकर्मियों द्वारा श्री गेस्ट हाउस से सुभाष नगर थाने तक नाले पर स्थाई प्लेटफार्म बनाकर एवं उसके आगे सीढ़ियां बनाकर एवं अतिक्रमण करके 40 फीट सड़क को 20 फिट कर दिया गया था एवं व्यवसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थी जिस पर निगम द्वारा कार्यवाही करते हुए 25 स्थान पर नाले पर बनाए गए स्थाई प्लेटफार्म एवं उसके आगे की सीढियों के अतिक्रमण को हटाया जाकर सड़क को पूरी चौड़ाई प्रदान की गई। निगम आयुक्त ने अतिकर्मियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि शहर में कहीं भी निगम की जमीन एवं सड़क पार्ट पर अतिक्रमण करने पर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## नगर निगम की जिम्मेदारी पर सेंधमारी





स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

निराश्रित गोवंश पकड़कर गौशाला तक पहुंचाने की जिम्मेदारी जिस विभाग की उसी नगर निगम परिसर में स्वच्छंद विचरण करते मिली निराश्रित गोवंश, नगर निगम जिम्मेदारों की उदासीनता या अनदेखी ये बड़ा सवाल। वहीं पांच साल में भाजपा का बोर्ड इन निराश्रित गोवंश के लिए कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठा पाया, ये भी बोर्ड पर बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। जबकी शहर के प्रमुख चौराहों, सड़कों पर निराश्रित गोवंश का जमावड़ा आज भी देखने को मिल रहा है तो अब कई दुपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर चौटिल या गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं।

## कोटड़ी पुलिस की अवैध मादक पदार्थ पर कार्रवाई, 45 किलो डोडा चूरा के साथ दो गिरफ्तार, कार जप्त

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** कोटड़ी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक स्विफ्ट कार से 45 किलो 390 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कार को जप्त किया । थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य कोहली पुलिस उपाधीक्षक सुरेश डाबरिया के निर्देशन पर मंगलवार को महावीर प्रसाद मीणा थानाधिकारी थाना कोटड़ी के निर्देशन में मुखबिर सूचना पर थाना क्षेत्र के गुडद खेडा - पपलाज खेत पर दबिश देकर अवैध मादक पदार्थ अफिम डोडा चुरा 45 किलो 390 ग्राम बरामद किया गया व अवैध मादक



पदार्थ अफिम डोडा चुरा भरने के लिए इस्तेमाल स्विफ्ट कार को जप्त किया । तस्करी करते हुये तस्कर तेजमल पिता मोतीलाल जाट उम्र 30 साल निवासी गुडद खेडा, पपलाज पुलिस थाना कोटड़ी व नरेश पिता रामेश्वर जाट उम्र 30 साल निवासी रायनगर, बालापुरा, ग्राम पंचायत माताजी का खेडा, पुलिस थाना शाहपुरा को गिरफ्तार किया गया । एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत कार्यवाही पर प्रकरण दर्ज कर अभियुक्तगणों से अवैध मादक पदार्थ अफिम डोडा चुरा खरीद व सप्लाई के सम्बन्ध में अनुसंधान शुरू किया ।।

गठित विशेष टीम :- महावीर प्रसाद मीणा थानाधिकारी कोटड़ी, महेन्द्र सिंह कानि, अकबर कानि, आशाराम कानि, आशीष कुमार कानि. चालक, मोती राम कानि, अर्जुन राम कानि, राकेश कुमार कानि आदि शामिल रहे।

## पुर चौराहे पर खड़े ट्रेलर से ट्रक टकराया, एक की मौत

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

पुर चौराहे पर मंगलवार बुधवार की मध्यरात्रि एक ट्रक खड़े ट्रेलर से टकरा गया ,हादसे में ट्रक के खलासी की दर्दनाक मौत हो गई ।वही ट्रक चालक बाल बाल बच गया।

पुर थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मुकेश सालवी पिता मोहन लाल सालवी उम्र 25 वर्ष निवासी मेडी का खेड़ा भवानीपुर गंगरार पेशे से ट्रक पर खलासी का कार्य करता है , मंगलवार बुधवार की मध्यरात्रि रात्रि मुकेश ट्रक में जा रहा था इसी दौरान उनका ट्रक पुर चौराहे पर खड़े ट्रेलर से टकरा गया ।हादसे में मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया,जबकि ट्रक चालक बाल बाल बच गया।घायल को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल लाया गया,जहां ड्यूटी डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।मृतक के शव को



जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया था। बुधवार को थाना पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचकर परिजनों कि मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# मजदूर विरोधी 4 श्रम संहिताओं को खारिज करने की उठी मांग, जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर फूंका पीएम का पुतला

### अखिल भारतीय संयुक्त श्रमिक संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में श्रम संगठनों ने रैली निकालकर किया विरोध प्रदर्शन, जताया आक्रोश

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** केंद्र सरकार द्वारा श्रम विरोधी कानून को लेकर बुधवार, 1 अप्रैल को अखिल भारतीय संयुक्त श्रमिक संघर्ष मोर्चा की ओर से पूरे भारतवर्ष में सभी श्रमिक संगठनों द्वारा जिला कलेक्टर के माध्यम से केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पूंजीपति मालिकों के पक्ष में बनाए गए मजदूर विरोधी 4 श्रम संहिताएं को खारिज करने की मांग को लेकर काला दिवस मनाया गया। सभी श्रमिकों ने मुखर्जी पार्क पर एकत्रित होकर प्रधानमंत्री का पुतला लेकर रैली निकाली गई और जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया।





भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू प्रदेश सदस्य ओमप्रकाश देवानी, इंटक यूनियन के जिला अध्यक्ष दीपक व्यास, कान सिंह, सत्यनारायण सेन, एटक यूनियन के जिला सचिव ओम प्रकाश शर्मा, भवानी सिंह सरवर खान, मनोहर लाल शर्मा, जिला बिल्डिंग वर्कर्स यूनियन के जोहर बानो, विमला बिश्नोई, पिस्ता बिश्नोई, अब्दुल हकीम, सोनू माली, राजस्थान ग्रामीण आजीविका परिषद के जिला अध्यक्ष अनीता कंवर, सरिता देवी, बरदी देवी और सत्तु बुनकर, पिकी सेन, नंद कंवर, रेखा, भीलवाड़ा सिंथेटिक यूनियन के अशफाक हुसैन, गौरी शंकर, गणेशराम गहलोत, नरेश मराठा, मनोहर सोनी, बबलू सिंह, जगदीश सुथार, लादू लाल ट्रेलर सहित श्रमिकों द्वारा केंद्र सरकार के द्वारा पूर्व के श्रम कानून को खत्म करते हुए पूंजीपति मालिकों को लाभ पहुंचाने के नियत से नई श्रम संहिताएं को जारी किया गया, इसके विरोध में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर प्रधानमंत्री का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। श्रमिकों द्वारा राष्ट्रपति को नए लेबर कोड को वापस लेने का ज्ञापन दिया गया जो जिला कलेक्टर के माध्यम से साथियों ने दिया। सभी श्रमिक संघ संगठनों के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा मुखर्जी पार्क से रैली निकालकर आक्रोश व्यक्त किया।

मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव के श्रमिक साथी रामेश्वर लाल जाट यूनिट सेक्रेटरी, कपिल वर्मा कोषाध्यक्ष, महावीर पांडे स्टेट कमेटी मेंबर, कुलदीप सिंह, सत्यनारायण साहू जॉइंट सेक्रेटरी, ललित दाधीच, रूपेश साहू, रघुवीर राजपुरोहित, राजेंद्र पांडे, सोहन सिंह, गिरिराज मेघवाल, संदीप सोमानी, श्रमिकों ने जोरदार प्रदर्शन कर नए श्रम कानून का विरोध किया। जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर नए कानून के प्रतिलिपियां जलाए गए और नारेबाजी कर प्रदर्शन किया गया।

# गंगापुर कस्बे में हनुमान जयंती को लेकर पुलिस का रूटमार्च

स्मार्ट हलचल | गंगापुर

गंगापुर कस्बे में गुरुवार को हनुमान जयंती को लेकर निकलने वाली विशाल शोभायात्रा को लेकर पुलिस द्वारा रूट मार्च निकल गया। चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही है। समुचे मार्ग पर पुलिस बल तैनात किया गया। मंदिर व मस्जिद चौक पर भारी संख्या में पुलिस जाता तैनात किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बुधराज, पुलिस उपाधीक्षक सुदर्शन पालीवाल, थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय सहित भारी संख्या में पुलिस जाप्ते ने आज गंगापुर कस्बे में गुरुवार को निकलने वाली शोभायात्रा का रूट




मार्च किया। वही मस्जिद चौक पर ड्रोन कैमरा द्वारा विशाल शोभायात्रा पर निगरानी रखी जाएगी। सर्व हिंदू समाज द्वारा गुरुवार को हनुमान जयंती को लेकर विशाल शोभायात्रा रात्रि 9 बजे प्रारंभ होगी।

# बनेड़ा ब्लॉक में दूसरे स्थान पर रही छात्रा संतरा तेली

स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

उपखण्ड सर्किल के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डाबला की छात्रा संतरा तेली हाल ही में घोषित हुए के नतीजों में ब्लॉक मे दुसरे स्थान पर रही है डाबला की निवासी संतरा तेली ने अपनी असाधारण प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 95.80 %अंक प्राप्त किए हैं इसी वर्ष बालिका संतरा तेली ने हॉकी में स्टेट लेवल पर प्रदर्शन भी किया अपनी शिक्षा व खेल दोनों में एक साथ संतुलन बनाए रखा7 संतरा की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



अपनी तैयारी के बारे में बात करते हुए संतरा तेली ने बताया, 'मेरा उद्देश्य कभी भी सिर्फ रटना नहीं था, बल्कि विषयों को गहराई से समझना था। मैंने रोजाना 6-7 घंटे पढ़ाई की और सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। रिवीज़न और पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों को हल करने से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा।

# ओज्याडा विद्यालय का 12वीं बोर्ड का परिणाम रहा शत प्रतिशत



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राउमावि ओज्याडा विद्यालय का कक्षा 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।। प्रधानाचार्य डॉ भाग चन्द सोमानी ने बताया कि मंगलवार को जारी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान के परिणाम में कला व विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।। 12वीं कला संकाय में विशाल प्रजापत ने 92% व 12वीं विज्ञान संकाय में शिवराज गाडरी ने 89% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।। 12वीं विज्ञान में सभी छात्रों ने 70% से अधिक अंक प्राप्त किए।। एसडीएमसी ,एसएमसी सदस्य कन्हैयालाल पारीक ने प्रधानाचार्य, समस्त स्टाफ व सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।। ओम प्रकाश सुथार व रेखा हेडा ने बताया कि प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं का विद्यालय में संस्था प्रधान डॉ सोमानी द्वारा उपरना ओढाकर व मिठाई खिला कर अभिनंदन किया गया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।। विद्यालय प्रवेश प्रभारी श्रीमती दिव्य स्मृति ने सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया की शुरुआत कर अभिभावकों को अपने बच्चों को शीघ्र ही प्रवेश दिलाने के लिए आग्रह किया।। निशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रभारी बृजलाल मीणा द्वारा प्रवेशित बच्चों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण आरंभ किया गया।। आज नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए प्रवेश दिया गया।। इस दौरान विद्यालय स्टाफ के सदस्य बालमुकुंद वैष्णव, सत्यनारायण गुर्जर, राखी दाधीच, मोनिका यादव, पप्पू कुमावत, भंवरलाल जोशी, ओमप्रकाश खोईवाल, अनिता कंवर, लादू लाल रेगर, महावीर सोनी व जूही सोनी उपस्थित थे।

# रायला को मिली विकास की सौगातः करोड़ों के काम शुरू, स्वास्थ्य-सड़क-पानी पर बड़ा फोकस

### विधायक डॉ. लालाराम बैरवा का बड़ा दांव:रायला में विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास-लोकार्पण, जनता में खुशी की लहर





स्मार्ट हलचल

**रायला।** भीलवाड़ा जिले के रायला कस्बे में बुधवार को विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने करोड़ों रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी व ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. बैरवा ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास और आमजन को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं से स्वास्थ्य, पेयजल और आवागमन जैसी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

इस दौरान 8 करोड़ 36 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का शिलान्यास किया गया। यह भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी। वहीं 2 करोड़ रुपए की लागत से बने अटल प्रगति पथ का लोकार्पण किया गया, जिससे क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और ग्रामीण इलाकों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

इसके अलावा 1 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से निर्मित उच्च जलाशय (पानी की टंकी) एवं पाइपलाइन कार्य का भी लोकार्पण किया गया। इस परियोजना से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी और लोगों को नियमित पानी उपलब्ध हो सकेगा।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर पारीक, अशोक चेचाणी, विजेंद्र सिंह राठौड़, रतन सोमानी, शंकर जाट, प्रद्युम्न सिंह डाबला, अनमोल पराशर, सत्यनारायण पाराशर, ज्ञान चंद रांका, पिंटू सिह, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सरपंच प्रशासक प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 93.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सोनू माली ने बढ़ाया विद्यालय व क्षेत्र का मान

स्मार्ट हलचल | मोड़ का निंबाहेड़ा



आसींद क्षेत्र के मोड़ का निंबाहेड़ा कस्बे निवासी वह आदर्श नवोदय विद्यालय आसींद की छात्रा सोनू माली ने कक्षा 12वीं कला वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 93.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिजनों, शिक्षकों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

सोनू माली के पिता राजू माली एवं माता संजू देवी ने बेटे की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसका श्रेय उसकी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। विद्यालय परिवार ने भी छात्र की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सोनू की इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल रही है तथा विद्यालय में हर्ष का वातावरण बना हुआ है।

# हमीरगढ़ में खटीक समाज ने निकाली शोभायात्रा उड़ी गुलाल और पुष्पवर्षा से सराबोर हुआ माहौल

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** हमीरगढ़ कस्बे में खटीक समाज द्वारा चैत्र मास की तेरस के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक फूलडोल महोत्सव के तहत भगवान राधा-कृष्ण की भव्य शोभायात्रा का आयोजन बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया।शोभायात्रा में समाज के महिला,पुरुष एवं युवा वर्ग ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जिससे पूरे कस्बे में उत्सव जैसा माहौल बन गया।शोभायात्रा की शुरुआत कस्बे के राधा-कृष्ण मंदिर से हुई।जो मुख्य मार्गो से होते हुए निकाली गई।इस दौरान भक्तिमय धुनों पर श्रद्धालु झूमते-गाते हुए आगे बढ़ते रहे और गुलाल उड़ाते हुए वातावरण को रंगमय बना दिया।पूरे मार्ग में रंग-बिरंगी गुलाल



की छटा देखने को मिली।जिससे हर ओर उल्लास का दृश्य नजर आया।यात्रा के दौरान कस्बे के विभिन्न स्थानों पर समाजजनों एवं अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया।राधा-कृष्ण भगवान की आकर्षक झांकी शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रही।जिसने सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने सामाजिक एकता,भाईचारे एवं परंपराओं को बनाए रखने का संदेश देते हुए ऐसे आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। पूरे कार्यक्रम के दौरान कस्बे में श्रद्धा,उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

# हमीरगढ़ में महावीर जयंती का आयोजन

### जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा, समाज की एकजुटता का दिखा अनुपम उत्साह

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** महावीर जयंती के पावन अवसर पर मंगलवार को हमीरगढ़ कस्बे में जैन समाज ने भव्य शोभायात्रा का आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ किया।शोभायात्रा गाजे-बाजों के साथ पिलवाड़ी क्षेत्र से प्रारंभ होकर सदर बाजार होते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई।पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।कस्बे में लोगों ने जगह जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों की सहभागिता रही।जिससे पूरे कस्बे में हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण का संचार हुआ।शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के संदेशों का स्मरण करते हुए भक्ति और अनुशासन का परिचय दिया।शोभायात्रा के



पश्चात गौतम प्रसादी का आयोजन किया गया,जिसमें समाज के लोगों ने एकत्रित होकर प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए सौरभ सामर ने बताया कि पूरे समाज के सहयोग और सहभागिता से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी एकता और उत्साह के साथ धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष प्रकाश गोलेछा, मंत्री पारस सामर, कोषाध्यक्ष अरविंद सामर सहित वरिष्ठजन हस्तीमल सामर, नवरत्नमल सामर, संपत जी चपलोत, सागरमल बापना, सुजान गोलेछा,श्रवण बोहरा, गहरीलाल टूकलिया सहित बड़ी संख्या में समाजजनों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# 2 अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा का होगा भव्य शुभांरभ

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** क्षेत्र के ग्राम श्यामगढ़ में आगामी 2 अप्रैल से धर्म और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। समस्त श्यामगढ़ ग्राम पंचायतवासियों और श्री चारभुजा नाथ के संयुक्त तत्वावधान में भगवान चारभुजा नाथ मन्दिर प्रांगण परिसर में सात दिवसीय 'संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 2 अप्रैल से शुरू होकर 8 अप्रैल तक चलेगा, जिसकी तैयारियों में ग्रामीण पूरे उत्साह के साथ जुटे हुए हैं।

कलश यात्रा से होगा श्रीगणेशः आयोजन समिति और ग्रामीणों ने बताया कि कथा का शुभारंभ 2 अप्रैल (गुरुवार) को एक विशाल और भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। यह कलश यात्रा प्रातः 8:15 बजे मंदिर प्रांगण परिसर से गाजे-बाजे के साथ शुरू होगी, जो गांव के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए पुनः चारभुजा मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण



कर शामिल होंगी। दोपहर 12:15 बजे कथा की गंगाः से बहेगी कलश स्थापना के पश्चात् मन्दिर प्रांगण में निर्मित भव्य पांडाल में प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से 3:15 बजे तक कथा वाचन किया जाएगा।


इस दौरान प्रसिद्ध कथावाचक हरिओम बनेठ वाले महाराज व्यास पीठ पर विराजमान होकर अपने मुखारविंद से श्रीमद् भागवत की महिमा, भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और ज्ञान-वैराग्य का सुमधुर गुणगान करेंगे। समस्त ग्रामवासियों ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमियों से इस ज्ञान यज्ञ में पधारकर धर्म लाभउठाने की अपील की है।

# सिंदरी बालाजी के हुए हनुमान जयंती पर स्वर्ण चोला दर्शन

## हुई विशाल भजन संध्या, लगाया मेला

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** श्री सिंदरी के बालाजी मन्दिर, कीरखेड़ा, सांगानेर' में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर भगवान हनुमान को 'स्वर्ण चोला' पहनाया गया और भक्तजन बड़ी संख्या में दर्शनार्थ मन्दिर पहुंचे। नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा आयोजित इस वर्ष की विशाल भजन संध्या एवं मेले में प्रमुख आकर्षण रही दिल्ली के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक झांकी। इसके अलावा, सुप्रसिद्ध भजन गायक अर्जुन राणा और भजन गायिका श्रीमती पूजा रामावत ने भक्तों के लिए भक्ति गीतों की



प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का प्रारंभ रात्रि 8.30 बजे हुआ और भक्तजन प्रभु की इच्छा तक इस भक्ति रस में डूबे रहे। श्रद्धालुओं के लिए खोपरा पाक का प्रसाद भी वितरित किया गया। श्री सिंदरी के बालाजी मन्दिर के पुजारी श्री गोपाल लाल पारीक ने सभी भक्तों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पधारकर इस पावन अवसर का आनंद लें।

# श्री खांखरा वाले देवता इन्द्रा मार्केट द्वारा दो दिवसीय विविध धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम सम्पन्न

### सुन्दरकाण्ड पाठ, निःशुल्क जांच चिकित्सा शिविर व चारभुजानाथ प्रसादी में उमड़ा भक्तिभाव

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** श्री खांखरा वाले देवता इन्द्रा मार्केट की ओर से दो दिवसीय धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। तेरस की पूर्व संध्या पर सांगानेर स्थित महेश भवन में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति में लीन होकर हनुमानजी के जयकारे लगाए। कार्यक्रम संयोजक अशोक चेचाणी ने बताया कि सुन्दरकाण्ड पाठ का वाचन राष्ट्रीय संत पं. मिथिलेश नागर द्वारा किया गया। भक्ति संगीत की मधुर ध्वनि के बीच पूरा परिसर रामभक्ति से गूंज उठा। तथा इसी दौरान उन्होंने युवाओं व बेटियों को संदेश देते हुए राष्ट्र की भावना जागृत करने का आह्वान किया और लव जिहाद वह सोशल मीडिया पर बोलते हुए कहा कि किसी भी





सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आप किसी को भी फॉलो नहीं करें जब तक आप उसको एवं उसके परिवार को नहीं जानते हो जिससे कि भविष्य में किसी भी होने वाली मुश्किलों से बचा जा सके। वही सवेरे महेश भवन परिसर में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर की निशुल्क जांच की जाकर वहीं चिकित्सा कर्मियों विभिन्न प्रकार के मरीजों की जांच की जाकर सैकड़ो लोगों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराकर लाभांवित किया गया तथा बाद में चारभुजानाथ भगवान की प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और भक्ति भाव से कार्यक्रम का लाभ उठाया। इस दौरान समिति के सदस्यगण, भक्तगण एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भगवा पताकाओं से बाजार हुए सुशोभित

स्मार्ट हलचल | काछोला

कस्बे में हनुमान जयन्ति महोत्सव को लेकर कार्यकर्ताओ ने तैयारियां शुरू कर दी है 2 अप्रैल को हनुमान जयन्ति के उपलक्ष्य में बजरंग व्यायाम शाला के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित होगा।

बजरंग व्यायाम शाला के व्यवस्थापक राजेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि हर वर्ष की भांति काछोला में हनुमान जयन्ति महोत्सव को लेकर भव्य आयोजन होगा जिसमें कोटा के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन किया जाएगा और अम्बिका धर्मकांटा से शोभायात्रा शुरू होगी जो बाईपास होते हुए सदर बाजार, गोल चबूतरा,पुराना थाना, रामबड होते हुए बाग के बालाजी से बस स्टैंड पर समाप्त होगी।



बजरंग व्यायाम शाला के कार्यकर्ता शोभायात्रा में भगवा पताके लिए हुए, ऊंट, घोड़ा आदि के साथ शोभायात्रा निकलेगी।कार्यकर्ताओ द्वारा कस्बे को भगवा पताकाओं से बाजार को सजाकर सुशोभित कर रहे है।बालाजी परिसर में बजरंग व्यायाम शाला में प्रतिदिन कस्बे के नन्हे बालक बालिका युवक अखाड़े को लेकर तैयारियां कर रहे है।

# पीएम श्री रा.बा.उ.मा.वि. बापूनगर का परीक्षा परिणाम में दबदबा

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापूनगर (भीलवाड़ा) ने इस वर्ष राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ('•स्थ्र) की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है। संस्था प्रधान सुनीता नाम कानू ने बताया की इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में 12वीं विज्ञान और वाणिज्य संख्या का परीक्षा परिणाम 100% रहा जबकि कला संकाय का परिणाम 94.06% और कक्षा दसवीं का 92.50% रहा। छात्रों ने अच्छे प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था और जिले का नाम रोशन किया है। विस्तृत परीक्षा परिणाम निम्न अनुसार संलग्न है।

### कक्षा 10: 92.50% रहा कुल परिणाम

कक्षा 10 में कुल 207 छात्राएं प्रविष्ट हुईं, जिनमें से 70 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी और 88 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी और 16 छात्राओं का तृतीय श्रेणी प्राप्त की।

प्रथम स्थानः जान्हवी जंगम (पिताः शिव चरण जंगम) - 92.50%

द्वितीय स्थानः साक्षी प्रजापत (पिताः कालूराम प्रजापत) - 91.83%

तृतीय स्थानः रिद्धि शर्मा (पिताः प्रशांत शर्मा) - 90.33%

विशेष उपलब्धि के रूप में विद्यालय की 18 छात्राओं ने 75% से अधिक अंक प्राप्त कर 'गार्गी पुरस्कार' के लिए अपनी पात्रता सिद्ध की है।

### कक्षा 12: विज्ञान, वाणिज्य और कला संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन

12वीं बोर्ड में विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत के करीब रहा। विभिन्न संकायों के टॉपर्स इस प्रकार रहेः

1. विज्ञान संकाय :(रिजल्ट = 100%)
प्रथमः प्रतिभा - 94.60%
द्वितीयः निकिता वैष्णव - 93.40%
तृतीयः नितीशा जंगम - 92.60%

### (विज्ञान संकाय में 14 छात्राएं बालिका प्रोत्साहन हेतु चयनित

प्रविष्ठि 38 छात्राः
प्रथम श्रेणी 37 छात्राः एंव द्वितीय श्रेणी 1 छात्रा

2. वाणिज्य संकाय : 100%):
प्रथमः नन्दिनी धाकड़ - 91.60%
द्वितीयः पायल वैष्णव - 82.80%
तृतीयः आलिया खान - 80.00%
(वाणिज्य संकाय में 11 छात्राएं बालिका प्रोत्साहन हेतु चयनित)
प्रविष्ठि = 44 छात्राः

### प्रथम श्रेणी 40 छात्राः एंव द्वितीय श्रेणी 04 छात्राः

3. कला संकाय (94.06%):
कुल 101 छात्राओं में से 46 ने प्रथम श्रेणी एंव 48 ने द्वितीय श्रेणी एंव 1 तृतीय श्रेणी प्राप्त की।
प्रथमः जिया कुमारी कोरिया - 90.60%
द्वितीयः दीपिका कुमारी एवं शीतल कंवर - 88.60%
तृतीयः खुशनुमा बागवान - 86.40%

### (कला संकाय में 15 छात्राएं बालिका प्रोत्साहन हेतु चयनित)

कुल 58 यह गौरव का विषय है कि कक्षा 10 और 12 को मिलाकर कुल 58 छात्राओं ने विशेष योग्यता अंक प्राप्त किए हैं, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा गार्गी पुरस्कार व बालिका प्रोत्साहन योजना का लाभ प्राप्त होगा। विद्यालय में आज उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का सम्मान किया गया इस कार्यक्रम में वार्ड के निवर्तमान पार्षद लव कुमार जोशी एसडीएमसी सदस्य एडवोकेट लक्ष्मण सिंह राठौड़ लाडो सेवा फाउंडेशन संस्थापक तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब उदयपुर अरावली को रीजन कॉन्फ्रेंस में 11 पुरस्कार मिले

### उत्कृष्ट स्थायी सेवा कार्य व महिलाओं के उत्थान से मिला सम्मान



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

लायंस क्लब रीजन- 6 की रीजन कॉन्फ्रेंस, चेयरपर्सन अजय मोर के निर्देशन में शुभ केसर गार्डन में आयोजित की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय निदेशक राजेंद्र मुच्छाल थे। उन्होंने लायंस क्लब के बारे में बताया कि मानवता की सेवा, पशु पक्षी को दाना, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना,जरूरतमंद की सेवा से जो शांति व सुकून मिलता है, वह करोड़ों के खर्च से नहीं मिल सकता। लायन सदस्य सेवा का पर्याय है। रीजन चेयरपर्सन अजय मोर ने लायंस क्लब उदयपुर अरावली की प्रशंसा करते हुए क्लब की सेवा कार्यों में सक्रियता, समर्पण, संगठनात्मकता व भातृत्व भाव की सराहना करते हुए उत्कृष्ट क्लब की संज्ञा से विभूषित किया। लायंस क्लब उदयपुर अरावली ने बेस्ट क्लब, क्लब अध्यक्ष डॉ. पुष्पा जैन को बेस्ट अध्यक्ष, अनिता भंडारी को बेस्ट सचिव , श्याम सिरोया को स्टार ऑफ द इयर अवार्ड से विभूषित किया।

इसके अलावा क्लब ने सदस्यता वृद्धि, उत्कृष्ट स्थायी सेवा कार्य, बेस्ट आरसी विजिट, बेस्ट बैनर प्रेजेंटेशन, अधिकतम उपस्थिति, आदि पुरस्कार प्राप्त कर अतुलनीय सफलता अर्जित की व क्लब का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर डॉ. पुष्पा जैन रमेश जैन, अनिता भंडारी, सुभाष मेहता, रूपलाल जैन ,डॉ. किरण जैन अनिल सिंघटवाडिया, सुनील छाजेड़, दीपक बोरदिया, दिनेश कोठारी, बी एल .पालीवाल, मुकेश जानी, सुरेंद्र दोशी, ममता छाजेड़ जया कोठारी, सविता जानी, अशोक जैन, पुष्पा पालीवाल, हंसा सिंघटवाडिया, आभा दोशी आदि उपस्थित रहे।

# हनुमान जयंती पर मेहंदीपुर बालाजी में उमड़ा आस्था का सैलाब

### आरती में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं की भीड



स्मार्ट हलचल

**महवा।** मेहंदीपुर बालाजी में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रामनवमी से ही मंदिर परिसर में भव्य सजावट की शुरुआत कर दी गई थी, जो हनुमान जयंती तक पूरे मंदिर को रोशनी और आकर्षक सजावट से जगमगा रही थी।

हनुमान जयंती से एक दिन पहले शाम की आरती में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जहां करीब 1 लाख से अधिक श्रद्धालु एकत्रित हुए। भक्तों ने पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान हनुमान के जयकारे लगाए।मंदिर परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने बालाजी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे आस्था को लेकर जिसमें सचिन सैनी गाज़ीपुर राहुल सैनी गाजीपुर भोलू सैनी वैर गौरव सैनी भूपेश सैनी एवं लाखोंक संख्या में लोगों ने बालाजी महाराज के दर्शन कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की भव्य आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था और उत्साह का प्रतीक बन गया।

# जरगाजी नया स्थान पर विशाल भजन संध्या आज, पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया देंगे भजनों की प्रस्तुतियां

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

सायरा क्षेत्र के पलासमा गांव के समीप स्थित जरगाजी नया स्थान तीर्थस्थल पर आज बुधवार शाम 5 बजे महामेघ धर्म जागरण यात्रा पहुंचेगी। यात्रा के आगमन पर जरगाजी विकास ट्रस्ट एवं मेघवाल समाज के लोग पारंपरिक तरीके से स्वागत करेंगे। वहीं रात 8 बजे विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें पद्मश्री से सम्मानित कबीर भजन गायक प्रहलाद सिंह टिपानिया अपनी प्रस्तुतियां देंगे। ट्रस्ट उपाध्यक्ष नाना लाल मेघवाल ने बताया कि यह यात्रा 30 मार्च को भीलवाड़ा जिले के झरणा महादेव तीर्थ-स्थल स्थित बाबा रामदेव मंदिर से रवाना हुई थी। यात्रा भीलवाड़ा, राजसमंद और पाली जिलों में स्थित रिखिया समाज के संतों की धूणियों पर होती हुई आज पलासमा के पास जरगाजी नया स्थान पहुंचेगी।

यात्रा संयोजक देबी लाल मेघवंशी के अनुसार, इस यात्रा का उद्देश्य धार्मिक स्थलों को जोड़ते हुए समाज में जागरूकता, एकता और शिक्षा का संदेश देना है। यात्रा के दौरान संतों, प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। लेखक व पत्रकार भंवर मेघवंशी ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समता, श्रम-सम्मान, परंपराओं के संरक्षण और शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। यह यात्रा 4 जिलों के 25 स्थानों और 11 प्रमुख धूणियों से होकर गुजर रही है।



जरगाजी विकास ट्रस्ट नया स्थान द्वारा आज रात स्वागत समारोह के बाद भव्य भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें प्रदेशभर से आने वाले संत, साहित्यकार, समाजसेवी और भामाशाह शामिल होंगे। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के प्रहलाद सिंह टिपानिया अपनी टीम के साथ पारंपरिक वाद्ययंत्रों पर कबीर भजनों की प्रस्तुति देंगे। ट्रस्ट अध्यक्ष गुलाबचंद मेघवाल ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में मेवाड़ और मारवाड़ सहित प्रदेशभर से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### जरगाजी के दो तीर्थस्थल

उल्लेखनीय है कि जरगाजी के नाम से दो प्रमुख तीर्थस्थल प्रसिद्ध हैं। एक जूना स्थान गुंदाली गांव के पास स्थित है, जबकि दूसरा नया स्थान पलासमा के निकट अरावली की तलहटी में है। नया स्थान वही जगह है, जहां संत जरगाजी ने साधना कर जीवित समाधि ली थी। यहां कई संतों ने तपस्या की और यह स्थल आज भी श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

### संत जरगाजी का जीवन प्रसंग

मान्यता के अनुसार संत जरगाजी का जन्म सायरा क्षेत्र के गायफल गांव में हुआ था। वे बचपन से ही आध्यात्मिक प्रवृत्ति के थे। विवाह के अवसर पर उन्होंने दुल्हन को धर्म बहन स्वीकार कर वैराग्य का मार्ग अपनाया। आगे चलकर उन्हें अलख धणी के दर्शन हुए और उनके आशीर्वाद से यह स्थान प्रसिद्ध हुआ। यहां स्थित समाधि स्थल से जुड़ी मान्यताओं के अनुसार मेवाड़ के महाराणा मोकल को यहीं संतों का आशीर्वाद मिला, जिसके फलस्वरूप महाराणा कुम्भा का जन्म हुआ। जरगाजी नया स्थान पर हर वर्ष फाल्गुन बदी चौदस को विशाल मेले का आयोजन होता है, जिसमें मेवाड़ और मारवाड़ क्षेत्र से 25 हजार से अधिक श्रद्धालु भाग लेते हैं।

# हर्षित औदिच्य 12वीं में 94.40 प्रतिशत आने पर किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल | उदयपुर



उदयपुर जिले के कोटा के हर्षिक औदिच्य ने 12वीं कक्षा में अव्वल नम्बर प्राप्त कर अपने गांव व माता- पिता का नाम रोशन किया। गींगला कस्बे के राणा प्रताप इंटरनेशनल उच्च माध्यमिक विद्यालय का छात्र हर्षित औदिच्य पुत्र पूनमचंद मानिका देवी औदिच्य के 12वीं कक्षा में 94.40 प्रतिशत बनने पर विद्यालय प्रशासन हर्षित के माता पिता व हर्षित को मिठाई खिलाकर फूल व मालाओं से स्वागत किया। हर्षित के 500 अंक में से 472 अंक प्राप्त किए। शिक्षकों ने हर्षित की मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया। हर्षित औदिच्य ने बताया कि उनका लक्ष्य प्रशासनिक सेवा में देश की सेवा करना है।

# पीएम श्री स्कूल दूनी में हुआ हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

### बोर्ड परीक्षा परिणाम में प्रथम तीन स्थान प्राप्त 20 प्रतिभाओं का किया सम्मान



स्मार्ट हलचल।दूनी

उपखंड के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शहरी संकुल प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य कैलाश वर्मा ने बताया कि पीएम श्री विद्यालय दूनी का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भांति श्रेष्ठ रहा है। बोर्ड कक्षा 5,8,10,12 में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त 20 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का माला,साफा एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। 12वीं विज्ञान वर्ग में 92% अंक प्राप्त करने वाले छात्र विशाल सैनी के साथ कला वर्ग में 87.40% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली ज्योति प्रजापत 82.40 अंकों के साथ कृष्णा प्रजापत तथा राहुल पांचाल हेमा कुमारी माली 84% दिशांत योगी 82.60% अभिषेक मीणा 81.20% अंकों के साथ तृतीय स्थान कक्षा 10 में चंचल कुमार रेगर 84%, भंवर सिंह 79.33% धनेश्वरी रेगर 78.67% खुशबू गुर्जर 74% कक्षा 8 में ए ग्रेड प्राप्त करने पर कनिका जैन,तेजेंद्र सेन कक्षा 5 में बिंदिया रेगर व अनुष्का सैनी का विद्यालय परिवार एवं विकास समिति द्वारा माला साफा और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर एसएमसी सदस्य सत्यनारायण तिवारी,राम लक्ष्मण त्रिपाठी बालमुकुंद भारद्वाज उप प्रधानाचार्य शांतिलाल शर्मा द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के अभिभावकों का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसएमसी एसडीएमसी सदस्य,विद्यालय स्टाफ,छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ अध्यापक अशोक शर्मा ने किया।

# अवैध पिस्टल के साथ आरोपी शिवकुमार गिरफ्तार, पुलिस को देख भागने लगा टीम ने पकड़ा

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



गांधीनगर थाना पुलिस ने अवैध हथियार के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए आरोपी शिवकुमार को 1 अवैध पिस्टल के साथ गिरफतार किया है । एसपी धर्मेंद्र सिंह द्वारा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अवैध हथियार रखने वालो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के लिए एएसपी पारस जैन मुख्यालय के निर्देशन में एवं सज्जन सिंह वृत्ताधिकारी, वृत्त शहर के सुपरविजन में डा. नेहा राव (आर.पी.एस. प्रो.) थानाधिकारी थाना गांधीनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम को अवैध आर्म्स हथियार के खिलाफ कार्यवाही हेतु दौराने गश्त मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई और टीम अंहिसा बग्लो के सामने 80 फीट रोड पर एसएचओ मय पुलिस जाप्ते के पहूँचे जहां एक युवक पुलिस जाप्ता को देखकर भागने लगा जिसको पुलिस जाप्ते द्वारा पकड कर नाम पता पुछा तो शिवकुमार भदोरिया पिता ओमप्रताप सिंह भदोरिया उम्र 20 साल जाती राजपूत निवासी चाउपुर थाना हरपालपुर तहसील समाजपुर जिला हरदोई उतरप्रदेश हाल निवासी किरायेदार मकान नम्बर ए-392 आजादनगर थाना प्रतापनगर जिला भीलवाडा राज. होना बताया। युवक की तलाशी ली तो शिवकुमार भदोरियां द्वारा पहनी हुई जीन्स की पेन्ट की दांहिनी कमर पट्टे में एक देशी पिस्टल मिली, जिसे गहनता से चैक किया तो यह पिस्टल अनलोड होकर, पिस्टल में मैग्जीन लगी होना पाई गई। आरोपी शिव कुमार भदौरिया को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया, पुलिस अवैध हथियार खरीद फरोख्त के संबंध में जांच कर रही है । गठित में .डा. नेहा राव आर.पी.एस. प्रो थानाधिकारी थाना गांधीनगर, भीलवाडा, सुनिल कुमार ए.एस.आई. थाना गांधीनगर, एचसी भगवान दास, बलवीर पुनिया शामिल थे।

# टहला विद्यालय का 12वीं बोर्ड में दबदबा

### विकास 93.80% के साथ रहे टॉपर, विद्यालय परिवार द्वारा प्रतिभावान छात्रों का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर साफा पहनाकर स्वागत

स्मार्ट हलचल



**लाडपुरा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टहला में कक्षा 12 में बोर्ड परीक्षा कला वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100% परिणाम दर्ज किया है। जिसमें कक्षा 12 का छात्र विकास कुमार गुर्जर स/श संपत गुर्जर ने 93.80% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। बुधवार को विद्यालय परिवार द्वारा प्रतिभावान छात्रों का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर साफा पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम से क्षेत्र में खुशी की लहर है। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया। मीडिया प्रभारी श्री सूरज मल बैरवा व. अ. सामाजिक विज्ञान ने बताया कि छात्र - छात्राओं ने लगन, दृढ़ निश्चय, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ वर्षपर्यंत अध्यापन कार्य किया। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम पर प्रधानाचार्य श्री पूर्ण मल बड़ोदिया ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी साथ ही इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए समस्त स्टाफ, अभिभावकों , ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री पूर्ण मल बड़ोदिया, व.अ. गणेश कुमार माली, सूरज मल बैरवा, अ. गोवर्धन लाल कुमावत, राम सागर मीणा, कल्याण मल मीणा, सुशील कुमार मीणा, क.स. मुकेश कुमार मीणा तथा प्रतिभावान बालकों के अभिभावक गण श्री संपत गुर्जर, लादू लाल दरोगा, उदय लाल गुर्जर, जगदीश सिंह एवं ग्राम टहला के गणमान्य व्यक्ति आदि उपस्थित रहे।

# सरकारी संस्थानों में जल्द मिलेंगे पीएनजी गैस कनेक्शन

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में उदयपुर जिले के राजकीय आवासों और संस्थानों में पीएनजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने हेतु बुधवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) जितेन्द्र ओझा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस सृष्टि डबास, जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और पीएनजी कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिला रसद अधिकरी, द्वितीय मनीष भटनागर ने बताया कि राजकीय आवास, विद्यालय, छात्रावास, सर्किट हाउस, कॉलेज, ट्रेनिंग संस्थान एवं विश्वविद्यालय परिसर में संचालित रसोईघरों में पीएनजी गैस कनेक्शन दिए जाएंगे। इसके अलावा मिड डे मील योजना के तहत संचालित विद्यालयों, टीएडी छात्रावासों और विशेष परियोजनाओं में गैस वितरकों को भी पीएनजी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। पीएनजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि 1 से 2 सप्ताह के भीतर सभी चिन्हित स्थानों पर गैस कनेक्शन उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में गूंजा गौरव, बेटियों ने रचा इतिहास

स्मार्ट हलचल | रेवाड़ा



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रेवाडडा (रायपुर-भीलवाड़ा) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के उपलक्ष में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में छ्•श्वह्र रायपुर श्री नरोत्तम दाधीच एवं ्छ्श्वह्र भीलवाड़ा श्री तेजकरण बहेडिया विधायक प्रतिनिधि रामपाल भट्ट शंकर भट्ट मेवाड़ युवा जाट महासभा के अध्यक्ष सुरेश जाट रेवाड़ा एसएमसी अध्यक्ष राधेश्याम भट्ट कैलाश भट्ट सोहन लाल जानकी लाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का माहौल गर्व, उत्साह और भावनाओं से ओत-प्रोत रहा, जहां विद्यालय की छात्राओं ने अपने शानदार परिणामों से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस अवसर पर सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

समारोह की मुख्य आकर्षण रही कक्षा 12वीं की टॉपर पायल भट्ट (98.20%), जिन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को देते हुए कहा कि 'मेरी इस सफलता के पीछे मेरे परिवार का त्याग और शिक्षकों का मार्गदर्शन है।'

उल्लेखनीय है कि पायल भट्ट ने रायपुर ब्लॉक में प्रथम स्थान तथा भीलवाड़ा जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

इसी क्रम में कक्षा 12वीं में द्वितीय स्थान पर अंजली भट्ट (91.80%) एवं तृतीय स्थान पर हीना भट्ट (90.67%) रही, जिन्होंने भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

पायल ने अपने आगामी करियर को लेकर सिविल सेवाओं में जाने का सपना भी व्यक्त किया, जिसे सुनकर पूरा पंडाल तालियों की गूंज से गूंज उठा।

इस अवसर पर छ्•श्वह्र रायपुर श्री नरोत्तम दाधीच एवं ्छ्श्वह्र भीलवाड़ा श्री तेजकरण बहेडिया ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि 'सीमित संसाधनों एवं विषम परिस्थितियों के बावजूद विद्यालय द्वारा दिया गया यह शत-प्रतिशत एवं उत्कृष्ट परिणाम अत्यंत प्रशंसनीय है। यह शिक्षकों की निष्ठा और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का प्रत्यक्ष प्रमाण है।'

विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो क्षेत्र में शिक्षा के प्रति समर्पण और गुणवत्ता का प्रतीक है। कार्यक्रम में उप-स्थत अतिथियों ने छात्राओं की उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया।

अंत में प्रधानाचार्य एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह समारोह केवल सम्मान नहीं, बल्कि हर विद्यार्थी के सपनों को नई उड़ान देने वाला प्रेरणादायक पल बन गया।

# उदयपुर विकास प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 1 हजार 20 करोड़ का महाबजट

## आधारभूत संरचनाओं के निर्माण शहर के सौंदर्यकरण और यूडीए क्षेत्रों विकास पर खर्च होंगे करोड़ों

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बुधवार को संभागीय आयुक्त एवं अध्यक्ष प्रज्ञा केवलरमानी की मौजूदगी में 1 हजार 20 करोड़ का महत्वाकांक्षी बजट जारी किया। इस बजट में शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए सड़क, पेयजल, ड्रेनेज, विद्युत व्यवस्था, पार्कों के विकास एवं नई परियोजनाओं के लिए व्यापक प्रावधान किए गए हैं। प्राधिकरण आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि इस बजट में आय एवं व्यय दोनों मदों में 1020.04 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। कुल 814.70 करोड़ की राशि विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी, जिसमें से 336.12 करोड़ पूर्व स्वीकृत कार्यों को पूरा करने तथा 478.57 करोड़ नए प्रस्तावित कार्यों के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर दीपेंद्र सिंह, यूडीए सचिव हेमेंद्र नागर सहित प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद रहे।

### पेयजल व्यवस्था पर 17.90 करोड़ खर्च, पार्कों के विकास और ऑक्सीजन हब योजना

प्राधिकरण क्षेत्र की नई आवासीय योजनाओं और कॉलोनियों में पेयजल सुविधा सुदृढ़ करने के लिए 17.90 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके तहत नई पाइपलाइन बिछाने, शिफ्टिंग एवं आवश्यकतानुसार जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। शहर के प्रमुख उद्यानों के विकास के लिए 6.14 करोड़ का प्रावधान किया गया है। साथ ही रामगिरी पहाड़ी और बड़ा गांव क्षेत्र को ऑक्सीजन हब के रूप में विकसित करने के लिए 20.05 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है।

### आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि

यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राधिकरण की कुल आय 687.73 करोड़ रही, जो वर्ष 2024-25 की तुलना में 81.13 प्रतिशत अधिक है। आय के प्रमुख स्रोतों में भूमि, भवन एवं भूखंड विक्रय से 343.76 करोड़, नियमन से 104.74 करोड़, बिल्डिंग प्लान से 5.23 करोड़, लीज से 4.50 करोड़ तथा नामांतरण व अन्य मदों से 15.05 करोड़ की आय शामिल है। वहीं 31 मार्च तक आयोजित लॉटरी से 98.66 करोड़ प्राप्त हुए।

### ड्रेनेज सिस्टम पर 33.48 करोड़, विद्युत एवं सौर ऊर्जा को बढ़ावा

शहर में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए पुराने व जर्जर नालों के सुधार तथा नए ड्रेनेज निर्माण हेतु 33.48 करोड़ का बजट रखा गया है। प्रमुख कार्यों में सतोरीया नाला लिंक, समता नगर, तितरड़ी, प्रेम नगर सहित विभिन्न कॉलोनियों में नालों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण शामिल है। वहीं विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 45.70 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत प्रमुख सड़कों, चौराहों एवं कॉलोनियों में एलईडी लाइट, अंडरग्राउंड केबलिंग तथा पार्कों एवं भवनों में सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे।

### सड़क निर्माण और उन्नयन पर 145.17 करोड़ होंगे खर्च

शहर के प्रमुख पर्यटन क्षेत्र फतहसागर झील के आसपास सड़क सुदृढ़ीकरण के कार्य किए जाएंगे। महाकाल चौराहा से फतहसागर मुख्य पाल, राडाजी सर्कल और पीपी सिंघल मार्ग तक सड़कें मजबूत बनाई जाएंगी। इसके अलावा महाकाल चौराहा से सुभाष सर्कल होते हुए रामपुरा सर्कल तक भी मार्ग सुधार कार्य प्रस्तावित है। वहीं शिल्पग्राम क्षेत्र में भी पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिल्पग्राम तिराहा से टीबी हॉस्पिटल बड़ी तक सड़क चौड़ीकरण और मजबूतीकरण किया जाएगा।

### ग्रामीण क्षेत्रों की बदलेगी तस्वीर, जनसुविधाओं के लिए बड़े कदम

यूडीए के अधिकार क्षेत्र में आने वाले 206 गांवों में आंतरिक विकास कार्यों (सड़क, सामुदायिक भवन, खेल मैदान आदि) के लिए 26.50 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वहीं, हाल ही में प्राधिकरण में शामिल हुए नए 70 गांवों के लिए अलग से 20.00 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। मुख्य सड़कों और चौराहों पर नए शौचालय निर्माण के लिए 1.55 करोड़ रुपये खर्च होंगे। विभिन्न शमशानों में बैठने की व्यवस्था, शेड, पानी और बिजली जैसी सुविधाओं के लिए 3.25 करोड़ रुपये का प्रावधान है। महाराणा प्रताप खेलगाँव के सुदृढ़ीकरण के लिए 6.50 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

### हाईवे और रिंग रोड कनेक्टिविटी को बढ़ावा

शहर को राष्ट्रीय राजमार्गों से बेहतर जोड़ने के लिए एनएच-27 से लखावली स्कीम (60 फीट रोड) तक नई सड़क का निर्माण किया जाएगा। साथ ही एनएच-76 से पुरोहितों का तालाब तक संपर्क मार्ग को मजबूत किया जाएगा। इसके अलावा शोभागपुरा सर्कल से यूनिवर्सिटी 100 फीट रोड और आरके सर्कल से शोभागपुरा 80 फीट रोड के जंक्शन (अशोका पैलेस) पर भी महत्वपूर्ण विकास कार्य होंगे, जिससे यातायात दबाव कम होगा।

### उपनगरीय क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क का विस्तार

हिरण मगरी क्षेत्र में सेक्टर 9 स्थित 80 फीट रोड (क्रिस्टल प्लाजा) से कम्युनिटी सेंटर होते हुए आरके पुरम अंडरपास तक नई सड़कों का निर्माण किया जाएगा। सवीना सबसिटी सेंटर में रेती स्टैंड से बैंक ऑफ बड़ौदा तक 100 फीट सीसी रोड और अटल सर्कल के चारों ओर सीसी रोड का निर्माण प्रस्तावित है। दक्षिण विस्तार (साउथ एक्सटेंशन) योजना के ब्लॉक ए, बी और डी में आंतरिक सड़कों के साथ 100 फीट रोड विकसित की जाएगी। प्राधिकरण द्वारा शहर से जुड़ी कई पंचायतों में सड़क निर्माण को मंजूरी दी गई है। इनमें बेड़वास, एकलिंगपुरा, रेबारियों का गुड़ा, रकमपुरा, झरनों की सराय, देबारी और ढीकली प्रमुख हैं। विशेष रूप से ढीकली के राजस्व ग्राम वाड़ा में सड़कों के साथ नालियों और सीवरेज का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। ट्रांसपोर्ट नगर में 80 फीट सड़क और पार्किंग क्षेत्र में सीसी पेवमेंट का कार्य किया जाएगा। मादड़ी अंडरपास से काला भाटा तक सड़क का विस्तारीकरण किया जाएगा। प्रतापनगर बलिचा 4-लेन के दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण होगा, जबकि माली कॉलोनी जंक्शन से जे.सी. बोस हॉस्टल तक सड़क मजबूतीकरण का कार्य भी प्रस्तावित है।

### शहर में होंगे व्यापक सौंदर्यीकरण कार्य, पर्यटन पर भी फोकस

प्राधिकरण द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं झील क्षेत्रों में एलईडी लाइटिंग, डेकोरेटिव पोल, फाउंटेन एवं सौंदर्यीकरण कार्य भी किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न कॉलोनियों में आंतरिक सड़कों, नालियों एवं सीवरेज कार्यों को भी प्राथमिकता दी गई है। प्राधिकरण ने शहर के प्रमुख प्रवेश मार्गों पर भव्य स्वागत द्वार बनाने के लिए 3 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। ये द्वार गोगुंदा, बड़गांव, अंबेरी (नाथद्वारा रोड), देबारी (चित्तौड़ रोड) और बलीचा (अहमदाबाद रोड) पर बनाए जाएंगे। इसके अलावा झीलों की सफाई और सौंदर्यकरण हेतु 2 करोड़ रुपये,तालाब, डैम और बावड़ियों का जीर्णोद्धार हेतु 16.03 करोड़ रुपये,पहाड़ियों का संरक्षण और हरियाली हेतु 1.80 करोड़ रुपये, प्रमुख चौराहों का लैंडस्केपिंग हेतु 1.85 करोड़ रुपये, पार्कों के विकास हेतु 13 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### कला और संस्कृति को बढ़ावा

स्थानीय कला और कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों और प्राधिकरण कार्यालय परिसर में चित्रकारी (पेंटिंग) के कार्य करवाए जाएंगे, जिसके लिए 1.30 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इसी प्रकार प्राधिकरण की संपत्तियों के संधारण, सरकारी आवासों के निर्माण और भूमि संरक्षण जैसे कार्यों के लिए 79.10 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव



स्मार्ट हलचल | बूंदी

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सीतापुरा, जिला-बूंदी में सत्र 2025-26 के समापन के अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक धनराज मीणा एवं राजेन्द्र कुमार व्यास, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बूंदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद मीना ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसमें पाठ्य सहगामी गतिविधियों, खेलकूद गतिविधि, शैक्षणिक उत्कृष्टता गतिविधि, कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, विद्यालय स्तर पर भाग लेने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों एवं प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, कक्षा 6 के विद्यार्थियों द्वारा राजस्थानी नृत्य, कक्षा 7 की छात्राओं द्वारा नृत्य, मराठी नृत्य, नुक्कड नाटक, चतुरांग, कवाली, हरियाणवी नृत्य, बाल विवाह पर नाटकीय प्रस्तुति, कालबेलिया नृत्य आदि प्रस्तुत किये गये।इस अवसर पर मुख्य अतिथि धनराज मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक, खेलकूद, इत्यादि गतिविधियों में पूरे विद्यालय एवं बूंदी जिले का नाम रोशन किया गया है। इस अवसर पर प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद मीना ने मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर श्रीफल भेट करते हुए स्वागत किया तथा अपने उद्बोधन में कहा कि जनवि बूंदी के विद्यार्थी अपने बेहतरीन शैक्षणिक परिणाम चाहे वे विद्यालय स्तर पर हो अथवा जिला स्तर पर किसी भी प्रकार की गतिविधि हो उसमें भाग लेकर के अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं तथा बूंदी जिले का सिरमौर हमेशा बनाये रखते हैं।

## आलोक उच्च माध्यमिक विद्यालय का ऐतिहासिक प्रदर्शन, वाणिज्य वर्ग में राजस्थान स्तर पर तृतीय स्थान

### विद्यालय के विद्यार्थियों का जिले में प्रथम स्थान पर कब्जा

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की मिसाल कायम करते हुए आलोक उच्च माध्यमिक विद्यालय, निंबाहेड़ा ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणामों में ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल निंबाहेड़ा ब्लॉक और चित्तौड़गढ़ जिले में, बल्कि राजस्थान स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है।

#### राज्य व जिला स्तर पर गौरवपूर्ण उपलब्धि

वाणिज्य संकाय में विद्यालय के दो होनहार विद्यार्थियों शेखर कुमावत एवं सुहानी नवलखा ने 98.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजस्थान स्तर पर तृतीय स्थान हासिल किया है, साथ ही ये दोनों विद्यार्थी चित्तौड़गढ़ जिले में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर भी रहे। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

#### वाणिज्य संकाय में शानदार परिणाम

अर्हम कोठारी ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं गोरी समदानी ने 91.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इस संकाय में 41 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 9 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

#### विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन

विज्ञान संकाय में पायल कुमावत ने 96.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।



तनिष्का पोरवाल 93.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि वर्षा सुथार एवं पीयूष सोमवानी ने 91.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान साझा किया। इस संकाय में 25 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 6 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

#### कृषि संकाय में सराहनीय सफलता

कृषि संकाय में मनीष धाकड़ ने 75.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतिभा मोहिल (73.6 प्रतिशत) द्वितीय एवं नवीन धाकड़ (72.6 प्रतिशत) तृतीय स्थान पर रहे। इस संकाय में 16 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

#### मेधावी विद्यार्थियों ने बढ़ाया मान

विद्यालय के 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इनमें कृतिका बाहेती, पीयूष सोमवानी, वर्षा सुथार, पायल कुमावत, शेखर कुमावत, सुहानी नवलखा, तनिष्का पोरवाल, अर्हम कोठारी, आयुषी सुखवाल, गोरी समदानी एवं हिम्मत गायरी प्रमुख हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का नगर में जुलूस निकालकर भव्य स्वागत किया गया। पटाखों एवं उत्साह के साथ जश्न मनाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण व्याप्त हो गया।

#### शिक्षकों की मेहनत का परिणाम

विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दिया है। विशेष रूप से विद्यालय की प्रिंसिपल मौसम तिवारी, डायरेक्टर राजेंद्र शर्मा, वाइस प्रिंसिपल सुरेंद्र वैष्णव एवं हेड टीचर विवेक सोलंकी के कुशल नेतृत्व एवं सतत प्रयासों ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने का संकल्प व्यक्त किया है।

## पोरवाल किट्टी समूह एवं भारत विकास परिषद मीरा महिला शाखा की ओर से शीतल जल प्याउ का शुभारंभ



स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** पोरवाल किट्टी समूह के सौजन्य से एवं भारत विकास परिषद मीरा महिला शाखा, भवानी मंडी के संयुक्त तत्वावधान आज दिनांक 1 अप्रैल 2026 को स्थानीय कालवा स्थान बालाजी मंदिर के बाहर भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने हेतु राहगीरों के लिए शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर प्याऊ का उद्घाटन बालाजी मंदिर के महंत श्री बालक दास जी के करकमलों द्वारा विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पोरवाल किट्टी एवं भारत विकास परिषद मीरा महिला शाखा के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे और इस जनसेवा कार्य में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई यह प्याऊ विगत 3 माह जून तक लगाई गई है।

शाखा अध्यक्ष श्रीमती मालती अग्रवाल ने पोरवाल किट्टी के सभी सदस्यों का इस सराहनीय सहयोग हेतु हृदय से आभार व्यक्त किया तथा ऐसे सामाजिक कार्यों में निरंतर सहभागिता बनाए रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी जनों को गन्ने के जूस का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान संरक्षक मंजू भराड़ीया ,सचिव सुधा फलेट, कोषाध्यक्ष राजेश बिरला पोरवाल किट्टी क्लब की गंगा गुप्ता आदि कई सदस्य उपस्थित रहे।

## मेधावी विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



स्मार्ट हलचल | बानसूर

निकटवर्ती ग्राम महनपुर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को कक्षा 12वीं कला वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय स्टाफ द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को माला पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य धीरज कुमार यादव नें बताया कि विद्यालय में उच्च माध्यमिक स्तर पर कला वर्ग संचालित हैं। इस वर्ष विद्यार्थियों ने शानदार परिणाम देकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र नीरज कुमार पुत्र रमेश चंद्र ने 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं तों वहीं छात्रा गुड्डी प्रजापत पुत्री बिंटू प्रजापत ने 90.00 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया हैं।विद्यालय का कक्षा 12वीं कला वर्ग का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें सभी 18 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इनमें से 14 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। विद्यालय की मेहनती व अनुभवी टीम के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्र कें विद्यार्थी भी अब शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। इधर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बबेरा की छात्रा नेहा गुर्जर पुत्री महेंद्र कुमार ने 12वीं कला वर्ग में 95.00% अंक प्राप्त करनें पर विद्यालय स्टाफं व ग्रामीणों द्वारा छात्रा कों माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया तों वहीं मुंह मीठा करवाकर उज्जवल भविष्य की बधाई दी। प्रधानाचार्य राजबाला मीणा ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 12वीं कला वर्ग का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा हैं,विद्यालय के कुल 18 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी उतीर्ण हुए हैं जिनमें से 8 विद्यार्थियों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

## सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण सरंक्षण की प्रतिज्ञा के साथ हिन्दुस्तान जिंक में 55वां सुरक्षा माह सम्पन्न

### सुरक्षा एक नियम नहीं है यह आदत है एक जिम्मेदारी है: वरिष्ठ निरीक्षक कारखाना एवं बॉयलर





स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** सुरक्षा केवल नियम और मशीनों से नहीं होती बल्कि लोगों की जागरूकता भागीदारी और जिम्मेदारी से आती है जब हम सभी सुरक्षा के नियमों को समझते हैं अपने कार्य में अपनाते हैं तभी सुरक्षित वातावरण बनता है। सुरक्षा एक नियम नहीं है यह आदत है एक जिम्मेदारी है, यह बात वरिष्ठ निरीक्षक कारखाना एवं बॉयलर सूरज प्रकाश जांगिड़ ने चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स में आयोजित 55 वें राष्ट्रीय सुरक्षा माह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस कर्मचारियों और उद्योगों को लोगों की सुरक्षा, उनके समुदाय और पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी को याद दिलाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय थीम है इंगेज, एजुकेट एंड एंपावर पीपल टू एनहांस सेफ्टी के बारे में उन्हें सम्मिलित करना, शिक्षित करना सशक्त बनाना ताकि सुरक्षा को और बेहतर बनाया जा सके इस थीम का मुख्य उद्देश्य है कि सुरक्षा केवल नियम और मशीनों से नहीं होती बल्कि लोगों की जागरूकता भागीदारी और जिम्मेदारी से आती है। सेफ्टी हम सब की जो समूह जिम्मेदारी है अगर आपको कोई असुरक्षित स्थिति दिखाई दे तो तुरंत रिपोर्ट करें और जब हम इस अमल करेगें, हम तभी दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। दुर्घटना अक्सर ज्ञान की कमी से होती है इसलिए लगातार सिखना बहुत जरूरी है।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया एवं सभी को सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स के आईबीयू सीईओ आलोक रंजन ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य में सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रमुख है। हिन्दुस्तान जिंक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है, किसी भी कार्य को करने से पहले उस कार्य को करने के सुरक्षित तरिकों के बारे में सोचा जाएं तो शून्य दूर्घटना और शून्य क्षति के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें यह प्रयास करना होगा की चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर सुरक्षा मानकों के लियें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उदाहरण प्रस्तुत करें।

महामंत्री मजदूर संघ घनश्याम सिंह राणावत ने उपस्थित कर्मचारियों एंव अधिकारियों से सुरक्षा के प्रति किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने एवं सुरक्षा को सदैव प्राथमिकता में रखते हुए सुरक्षा के राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की।

सुरक्षा प्रमुख बालचंद पाटीदार ने सभी अतिथियों का स्वागत कर वर्षभर के सुरक्षा प्रदर्शन एवं कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराते हुए उद्योग के साथ ही घर एवं सड़क सुरक्षा हेतु चलाएं जा रहे कार्यक्रमों, समुदाय और प्रशासन के साथ मिल कर सुरक्षा जागरूकता अभियान की जानकारी दी। सुरक्षा सप्ताह के दौरान सुरक्षा रैली, रन फॉर सेफ्टी मैराथन एवं कॉलानी में सुरक्षा जागरूकता, राजकीय विद्यालयों में प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताओं पोस्टर प्रतियोगिता सुरक्षा मॉडल प्रतियोगिता, ऑनलाइन क्वीज का आयोजन किया गया एवं कार्यक्रम में विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में पायरो, हाइड्रों, कॉमन एवं सीपीपी की टीम ने नुक्कड नाटक से सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर, चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स के अनरीत मुखर्जी, पुष्पेन्द्र मीणा, महेश कनन, अनूप कुमार, अभय प्रताप, रिपन घोष, मनीषा भाटी, मीनाक्षी सबरवाल, पवन बाहेती, राजू पटेल, कामाख्या सिंह, सुरक्षा विभाग से उर्षा शर्मा, दीपक पटेल, शुभम साहू,भगवती पालीवाल, रेणू श्रंगी एवं विनय, मजदूर संघ के पदाधिकारी एसके मौड जीएनएस चैहान सहित जिंक अधिकारी, कर्मचारी एवं बिजनेस पार्टनर के प्रतिनिधि उपस्थित थे। संचालन अभिषेक कोठारी ने किया।

# दरगाह क्षेत्र में देर रात दो पक्ष भिड़े, धारदार हथियारों से हमला

## पुलिस सीसीटीवी फ़ुटेज सँभाल रही

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** अजमेर शहर की दरगाह थाना क्षेत्र में देर रात एक ऐसी घटना घटी, जिसने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। आपसी विवाद सुलझाने के लिए बुलाई गई बैठक देखते ही देखते खूनी टकराव में तब्दील हो गई। रिश्तेदार एक पुराने मामले को लेकर दोनों पक्षों का विवाद सुलझाने के लिए बैठे थे, लेकिन तनाव इस कदर बढ़ा कि बातचीत की जगह हथियारों ने ले ली।



धारदार हथियारों से हुए इस हमले में दोनों पक्षों का एक-एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक, बातचीत के दौरान अचानक कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों तरफ के लोग एक-दूसरे पर टूट पड़े। पलभर में शांत बैठक हिंसा का मैदान बन गई। हमला इतना अचानक हुआ कि आसपास खड़े लोगों को कुछ समझ आने से पहले ही दोनों युवक लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। घटनास्थल पर भगदड़ मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलते ही दरगाह थाना पुलिस तुरंत हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर हालात पर काबू पाया। घायल युवकों को तुरंत जवाहरलाल नेहरू अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

### दोनों की हालत बनी नाजुक

चिकित्सकों के अनुसार, दोनों की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है और उन्हें कड़ी निगरानी में रखा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच अपने हाथों में ले ली है। शुरुआती पड़ताल में सामने आया है कि दोनों पक्षों के बीच काफी समय से रंजिश चली आ रही थी। विडंबना यह रही कि उसी रंजिश को खत्म करने की कोशिश में यह खूनी वारदात हो गई।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और चश्मदीद गवाहों से भी पूछताछ जारी है। आरोपियों की शिनाख्त कर ली गई है और उनकी धरपकड़ के लिए टीमें सक्रिय हो गई हैं। इलाके में किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

# साधारण परिवार से निकलकर अनुराग शर्मा बने लेफ्टिनेंट

स्मार्ट हलचल

**नावां सिटी (लूणवा)।** अनुराग शर्मा ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर अपने क्षेत्र, समाज और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने छ्ष्ठस् 2026 परीक्षा में ऑल इंडिया 62वीं रैंक हासिल कर यह महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। खास बात यह है कि अनुराग ने यह उपलब्धि अपने दूसरे प्रयास में हासिल की, जो उनके धैर्य, मेहनत और आत्मविश्वास को दर्शाती है।

अनुराग, मुकेश कुमार शर्मा के पुत्र हैं तथा उनके दादाजी नंद लाल शर्मा का भी उनके जीवन में विशेष मार्गदर्शन और योगदान रहा है। एक सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाले अनुराग ने अपनी लगन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है।



शुरुआत से ही पढ़ाई में मेधावी रहे अनुराग के मन में देश सेवा का जज्बा बचपन से ही था। पहले प्रयास में सफलता न मिलने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अपनी कमियों पर काम करते हुए दूसरे प्रयास में शानदार सफलता हासिल की।

उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात बताया है। सभी ने अनुराग की सफलता को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उनकी मेहनत और संघर्ष आने वाली पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।परिवारजनों के अनुसार अनुराग ने हमेशा अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखा और उसी दिशा में निरंतर मेहनत की। उनकी इस सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।अनुराग शर्मा की यह उपलब्धि यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। उनकी यह सफलता आज के युवाओं के लिए एक मिसाल बनकर उभरी है।

# उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों का किया सम्मान



स्मार्ट हलचल | सूरौठ

गांव बाई जट्ट के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देने वाली छात्राओं का बुधवार को प्रधानाचार्य रहीमुद्दीन खान व स्टाफ ने घर पहुंच कर सम्मान किया। शारीरिक शिक्षक नरेंद्र बाबा ने बताया की स्थानीय विद्यालय की छात्रा निशा कुमारी प्रजापत ने सीनियर सेकेंडरी 2026 के परीक्षा परिणाम में 92.20% अंक प्राप्त किए एवं रेणु कुमारी प्रजापत ने 91.20% अंक प्राप्त कर परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य रहीमुद्दीन खान व बनी सिंह मीना ,पालन सिंह गंधार, देवेंद्र सिंह भागौड, राजेंद्र मीना, श्रीलाल माली, तेज सिंह गुर्जर, नीतू शर्मा ने माला पहनाकर व साफा बंधन और मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य रहीमुद्दीन खान ने छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

शिक्षकों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। इस अबसर पर छात्राओं के अभिभावाक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# घाड़ में बूंदी डिपो की दूसरी बस सेवा शुरू: बूंदी-जयपुर मार्ग पर नई बस का ग्रामीणों ने किया स्वागत

स्मार्ट हलचल

**घाड़ (देवली), टोंक।** घाड़ में बूंदी डिपो की दूसरी रोडवेज बस सेवा शुरू हो गई है। यह बस बूंदी से जयपुर के लिए संचालित होगी। मुख्य बाजार में घाड़ के ग्रामीणों और व्यापारियों ने माला व साफा पहनाकर बस सेवा का स्वागत किया।

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, बूंदी आगार को मुख्यालय से मिली 8 नवीन अनुबंधित बसों को मुख्य प्रबंधक घनश्याम गौड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें से एक बस बूंदी-खटकड़-नैनवां-घाड़-जयपुर मार्ग पर चलेगी। यह द्रुतगामी बस बूंदी से प्रातः 06:45 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेगी। जयपुर से बूंदी वाया घाड़ दोपहर 02:32 बजे जयपुर से वापस नैनवां देई से शाम 06:45 बजे बूंदी के लिए रवाना होगी। बस का विस्तृत मार्ग खटकड़, नैनवां, नगरफोर्ट, घाड़, धुवांकला, भरनी, छान और टोंक होकर जयपुर तक है।



इस नई बस सेवा से हिंडोली, देवली-उनियारा और टोंक विधानसभा क्षेत्रों के कई यात्रियों को लाभ मिलेगा। स्थानीय बस स्टॉप साथियों ने भी नई बस चलाने पर आभार व्यक्त किया।

क्षेत्रवासियों ने बस के ड्राइवर सत्यनारायण मीणा, अमित गौतम और कंडक्टर महेंद्र कुमार गुर्जर का आभार जताया। इस अवसर पर देवीशंकर भाट, रामचन्द्र जाट, रमेश जाजू, अविनाश मीणा, शंकर सैनी अनिल सोमाणी, रामवतार साहू, मुकेश भट्ट, गौरव साहू, दीपक पंचोली, जीतू नेकाड़ी, बुद्धि प्रकाश जाट, त्रिलोक जाट, आशीष भट्ट, बुद्धि प्रकाश आकोडिया, अतुल चौधरी, राकेश विश्वास, कैलाश शर्मा, दिनेश भट्ट, सौरभ भट्ट, नितिन भट्ट, और बनवारी सैनी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# हरफुल सिंह यादव होंगे बून्दी के जिला कलेक्टर

स्मार्ट हलचल | बूंदी

प्रदेश सरकार ने बीती रात 65 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय में बडा फेरबदल हुआ। कई नए अफसरों की एंट्री हुई। वहीं, 25 जिलों के कलेक्टर भी बदले गए हैं। जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी का तबादला मुख्यमंत्री के सचिव के पद पर किया।

इसके अलावा मुकुल शर्मा और अरविन्द कुमार पोसवाल को मुख्यमंत्री का विशिष्ट सचिव नियुक्त किया गया है। कोटा विकास प्राधिकरण आयुक्त हरफुल सिंह यादव को बून्दी की कमान सौंपी गई है। वही बूंदी जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा को करौली जिले की कमान सौंपी गई है।

राजधानी जयपुर के जिला कलक्टर की जिम्मेदारी अब संदेश नायक संभालेंगे, जबकि नम्रता वृष्णि को जोधपुर और गौरव अग्रवाल को उदयपुर का नया जिला कलक्टर नियुक्त किया गया है।

चर्चित आईएएस अधिकारी टीना डाबी को बाड़मेर से स्थानांतरित कर टोंक का जिला कलक्टर बनाया गया है। बीकानेर जिले की कमान निशांत जैन को सौंपी गई है, जिन्हें बीकानेर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार भी दिया गया है। वहीं कन्हैया लाल स्वामी को जोधपुर का संभागीय आयुक्त नियुक्त किया गया है

अन्य महत्वपूर्ण नियुक्तियों में नमित मेहता को आबकारी आयुक्त (उदयपुर), सुरेश कुमार ओला को प्रबंध निदेशक, रीको और आलोक रंजन को आयुक्त, राज-स्थान आवासन मण्डल नियुक्त किया गया है। गृह विभाग में राजेन्द्र कुमार वर्मा और अंजलि राजोरिया को संयुक्त शासन सचिव बनाया गया। मुख्यमंत्री के सचिवालय में सुश्री रीया डाबी, सोहन लाल, रजत यादव और अक्षत कुमार सिंह को विशेषाधिकारी के पद पर तैनात किया गया है, जबकि गरिमा नरूला को मुख्य सचिव कार्यालय में विशेषाधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा अपर्णा गुप्ता को कोटपूतली-बहरोड़, मयंक मनीष को डीग और अतुल प्रकाश को खैरथल-तिजारा का जिला कलक्टर बनाया गया है। बाबूलाल गोयल को चिकित्सा शिक्षा विभाग का आयुक्त और नीलाभसक्सेना को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग का आयुक्त नियुक्त किया गया है।

# ब्यावर से गूँजेगा 'लोकतंत्र बचाओ' का नारा डोटासरा और जूली कल फूंकेंगे चुनावी शंखनाद

## ब्यावर में कांग्रेस का महासम्मेलन आज

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज, 2 अप्रैल को ब्यावर में जिला स्तरीय 'संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान का भव्य शंखनाद होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बुधवार को प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री नसीम अख़्तर इंसाफ़ और जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी ने ब्यावर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

तैयारियों का निरीक्षण करने के बाद आयोजित बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष नसीम अख़्तर ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार संवैधानिक मूल्यों को ताक पर रखकर निकाय और पंचायत चुनाव टालने की साजिश रच रही है, जिससे विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर वार्ड और गांव तक जाएगी।



### संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा

जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान न केवल भाजपा की तानाशाही को उजागर करेगा, बल्कि जमीनी स्तर पर कांग्रेस के संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे।

आज की महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व विधायक हगामीलाल मेवाड़ा, माणक डाणी, पीसीसी सदस्य पारसमल जैन, पीसीसी सचिव कल्पना भटनागर, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष अजमत काठात, सेवादल जिलाध्यक्ष विक्रम सोनी सहित धर्मसिंह भाटी, सोहन मेवाड़ा, भरत बाघमार और नरसिंह गहलोत जैसे अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। सम्मेलन के सफल संचालन हेतु स्वागत , आवास और रैली प्रबंधन के लिए अलग-अलग कमेटियों का गठन किया गया है। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि यह सम्मेलन राजस्थान की राजनीति में बदलाव का मील का पत्थर साबित होगा।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पीए आशीष चौधरी ने कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर से की मुलाकात



स्मार्ट हलचल | लखनऊ

ओम बिरला के निजी सहायक (पीए) आशीष चौधरी ने आज अनिल राजभर से शिष्टाचार मुलाकात की।

इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न समसामयिक मुद्दों, जनहित से जुड़े विषयों और विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई। मुलाकात को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न बताया गया, जिसमें आपसी समन्वय और सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

# बौद्ध भीम कथा का समापन, सैकड़ो लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

स्मार्ट हलचल | जसवंतनगर (इटावा)

क्षेत्र के ग्राम जैनपुर नागर में आयोजित 'बौद्ध भीम कथा' कार्यक्रम के दौरान कथा वाचिका प्रेमा अम्बेडकर ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन से जुड़ी पीड़ादायक घटनाओं का वर्णन करते हुए समाज को सामाजिक समानता और शिक्षा का संदेश दिया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था जब बाबा साहेब को केवल जाति के कारण एक गिलास पानी तक नसीब नहीं होता था।

कथा वाचन के दौरान प्रेमा अम्बेडकर ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने बचपन से ही भेदभाव और अपमान का सामना किया। उन्होंने बताया कि जब बाबा साहेब स्कूल में पढ़ते थे तो उन्हें अन्य बच्चों से अलग बैठाया जाता था और कोई भी उन्हें पानी तक देने को तैयार नहीं होता था। कई बार उन्हें प्यासा ही रहना पड़ता था। यह घटना उस समय के सामाजिक भेदभाव और छुआछूत की कड़वी सच्चाई को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि इतनी कठिन परिस्थितियों के बावजूद बाबा साहेब ने हार नहीं मानी और शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। कठोर परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की और आगे चलकर देश के संविधान निर्माता बने। प्रेमा अम्बेडकर ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और समानता की लड़ाई का प्रतीक है।

कथा के दौरान उन्होंने भगवान गौतम बुद्ध के विचारों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि बुद्ध का संदेश करुणा, समानता और मानवता पर आधारित है।

# वर्ल्ड होमियोपैथी डे पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 131 मरीजों का हुआ उपचार



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

'वर्ल्ड होम्योपैथी डे' के दस दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत राजस्थान विद्यापीठ होमियोपैथिक मेडिकल चिकित्सालय द्वारा ग्राम पंचायत जिंक स्मेल्टर में बुधवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रो. डॉ. निवेदिता पटनायक के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। इस दौरान एम.डी. विद्यार्थियों एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

प्रो. डॉ. निवेदिता पटनायक ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 131 मरीजों का पंजीकरण कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मरीजों को उनकी समस्याओं के अनुसार होमियोपैथिक परामर्श प्रदान किया गया तथा निःशुल्क औषधियां वितरित की गईं। शिविर में त्वचा रोग, जोड़ों का दर्द, एलर्जी, गैस-एसिडिटी, पाचन विकार, सर्दी-खांसी, सामान्य बुखार एवं कमजोरी जैसी समस्याओं का उपचार किया गया। साथ ही मरीजों को संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

शिविर में डॉ. अनीश, डॉ. अविषेक, डॉ. अंद्रिशा, डॉ. ओलिविया, डॉ. नसीम एवं श्रीमती कमला उपस्थित रहे साथ ही विशिष्ट अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों में उप सरपंच दुलेसिंह देवड़ा, ग्राम विकास अधिकारी रामचंद्र पालीवाल, पटवारी मीनाक्षी जोशी एवं उप सरपंच उदयसिंह उपस्थित रहे।

# राजस्व न्यायालयों में 7 लाख से ज्यादा मामले पेंडिंग; नए वित्तीय वर्ष हर रोज 4 घंटे की सुनवाई अनिवार्य

## राजस्थान के 1700 राजस्व न्यायालयों में पेंडिंग मामलों की संख्या

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** राजस्थान सरकार ने राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए नए वित्तीय वर्ष से विशेष अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य वर्षों से लंबित विवादों को तेजी से निपटाना और न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राज्यभर के राजस्व अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के तहत तहसील से लेकर जिला और संभाग स्तर तक न्यायिक कार्यवाही को सुव्यवस्थित करने पर जोर दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार सभी राजस्व न्यायालयों में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक अनिवार्य रूप से चार घंटे की नियमित सुनवाई करनी होगी। साथ ही तीन साल से अधिक समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस की समय पर तामील सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकता पड़ने पर अखबारों में प्रकाशन का सहारा लेने को भी कहा गया है।

उपखंड अधिकारियों और सहायक कलेक्टरों को 1 अप्रैल 2026 तक के 100 सबसे पुराने लंबित मामलों की पहचान कर उन्हें चालू वित्तीय वर्ष में प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए मासिक प्रगति समीक्षा भी अनिवार्य होगी। सरकार ने यह भी माना है कि नोटिस में देरी, रिकॉर्ड की अनुपलब्धता और प्रक्रियागत



खामियां लंबित मामलों का मुख्य कारण हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए निस्तारण प्रक्रिया की सख्त निगरानी की जाएगी।

संभागीय आयुक्तों और जिला कलेक्टरों को नियमित निरीक्षण करने तथा प्रगति में सुधार की रिपोर्ट राजस्व मंडल को भेजने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं पुराने मामलों में रिकॉर्ड प्रस्तुत न करने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। मुख्य सचिव ने इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि लंबित मामलों में कमी आए और आमजन को समय पर न्याय मिल सके।

### राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की स्थिति

राजस्थान के करीब 1700 से अधिक राजस्व न्यायालयों में 10 लाख लाख से ज्यादा मामले रजिस्टर्ड हैं करीब साढ़े 7 लाख से ज्यादा मामले पेंडिंग हैं। इनमें सबसे ज्यादा पेंडेंसी 5 लाख 77 हजार से ज्यादा एसडीओ कोर्ट में तथा इसके बाइद रेवेन्यू बोर्ड में दूसरे नंबर पर सर्वाधिक सवा लाख मामले पेंडिंग हैं। पेंडेंसी में 83 प्रतिशत(लगभग 4 लाख मामले) मामले 1 साल से अधिक पुराने एवं 10 प्रतिशत मामले करीब एक साल पुराने इनमें मुख्य रूप से नामांतरण (दाखिल - ख़ारिज ), जमीन पर मालिकाना हक की घोषणा से सम्बंधित मुक़दमे व बटवारा के वाद से जुड़े मुकदमें शामिल हैं।

### पेंडेंसी का मुख्य कारण

न्यायिक अधिकारियों की कमी और नियमित रूप से न्यायालय में न बैठना। तकनीकी संसाधनों की कमी और प्रक्रियागत जटिलताएं। अधिकारियों का स्थानांतरण होने से मामलों की सुनवाई में देरी। सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए ऑनलाइन केस मैनेजमेंट सिस्टम और नियमित मासिक समीक्षा के निर्देश दिए हैं ताकि पेंडेंसी कम हो सके।

# बाइक सवार लुटेरों ने वृद्ध महिला को बनाया निशाना, नाक की पोंगी छीनकर फरार

स्मार्ट हलचल | खखरेरू/फतेहपुर

थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट की घटना से इलाके में दहशत फैल गई। दरियापुर पुल के पास बाइक सवार बदमाशों ने बैंक जा रही वृद्ध महिला को निशाना बनाते हुए उनकी नाक में पहनी सोने की पोंगी छीन ली। छीना-झपटी के दौरान महिला घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव निवासी बरकतुन निशा पत्नी अजमत अली बुधवार सुबह करीब 11 बजे पैदल खखरेरू थाना क्षेत्र के शिवपुरी गांव स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा, में पैसा निकालने जा रही थीं। रास्ते में बाइक सवार दो युवक उनके पास पहुंचे और भैंस खरीदने का बहाना बनाकर बातचीत करने लगे। इसी दौरान पीछे बैठे बदमाश ने मौका पाकर महिला की नाक में पहनी लगभग तीन ग्राम वजनी सोने की पोंगी झपट्टा मारकर निकाल ली। अचानक हुए हमले से महिला सड़क पर गिर पड़ी, जिससे उनकी नाक में गंभीर चोट आ गई। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में खखरेरू थाना के प्रभारी निरीक्षक विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर प्राप्त हो गई है।



मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स की अहमियत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। ह्यूमन रिसोर्स से लेकर सेल्स डिपार्टमेंट, परचेज डिपार्टमेंट, तकनीकी डिपार्टमेंट, नेटवर्किंग और दूसरे विभाग बगैर मैनेजमेंट के चल ही नहीं सकते हैं। चाहे आप आईटी की बात कर लें, चाहे आप सर्विस की बात कर लें, या फिर किसी और डिपार्टमेंट की, जाहिर है कि मैनेजमेंट का रोल बढ़ जाता है।

# बीबीए के बाद क्या है कॅरियर ऑप्शन

बीबीए करने के बाद आपको एमबीए में एडमिशन लेने के अतिरिक्त मास कम्युनिकेशन, एनिमेशन, इवेंट मैनेजमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग इत्यादि में अपने पैशन और इंटरेस्ट के मुताबिक शॉर्ट टर्म कोर्स भी करते रहना चाहिए। बीबीए यानी बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, हाल के दिनों में बेहद तेजी से यह कोर्स लोकप्रिय हुआ है। दुनिया में छोटे से लेकर बड़े व्यापार लोग कर रहे हैं, तो गवर्नमेंट भी चाह रही है कि लोग–बाग बिजनेस करें, ताकि देश की इकोनॉमी तेज गति से आगे बढती रहे।

इन तमाम चीजों में अगर एक कॉमन फैक्टर खोजा जाए तो वह यह है कि नए–पुराने सभी व्यापारों में मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स की अहमियत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। चूंकि ह्यूमन रिसोर्स से लेकर सेल्स डिपार्टमेंट, परचेज डिपार्टमेंट, तकनीकी डिपार्टमेंट, नेटवर्किंग और दूसरे विभाग बगैर मैनेजमेंट के चल ही नहीं सकते हैं। चाहे आप आईटी की बात कर लें, चाहे आप सर्विस की बात कर लें, या फिर किसी और डिपार्टमेंट की, जाहिर है कि मैनेजमेंट का रोल बढ़ जाता है। और ऐसी स्थिति में बीबीए को एक स्टूडेंट कॅरियर के रूप में बेहतरीन ऑप्शन के तौर पर चुन सकता है। ऐसी स्थिति में आपको कारपोरेट लीडर बनने का मौका मिल जाता है। अगर साधारण तौर पर भी बात की जाए, तो कॅरियर ग्रोथ के लिए बीबीए के बाद कैंडिडेट्स को एमआईएस अर्थात मैनेजमेंट इनफॉरमेशन सिस्टम का सर्टिफिकेशन कोर्स करने की सलाह भी एक्सपर्ट देते है। सॉफ्टवेयर की जानकारी से आपका कॉन्फिडेंस तो बढ़ेगा ही, साथ ही कारपोरेट वर्ल्ड में इन चीजों का बेहतर से बेहतर प्रयोग होता है, जिससे आपको काफी आसानी होगी। इसी प्रकार कम्युनिकेशन पर भी आपको खासा ध्यान देना चाहिए, क्योंकि प्रबंधन वही कर सकता है, जो तमाम पक्षों से बेहतरीन कम्युनिकेशन करने की दक्षता रखता हो।

मार्केट के कई पक्ष होते हैं, और उनके साथ आप तभी ठीक तरह से कम्युनिकेट कर पाएंगे, जब आप बेहतरीन कम्युनिकेशन स्किल अपने भीतर रखते हैं। इसके लिए आपको अपने कलीग्स के साथ इंटरेक्शन करते रहना चाहिए, तो भिन्न न्यूज पेपर्स भी पढ़ते रहना चाहिए। इतना ही नहीं, मार्केट ट्रेंड को आप अपने ध्यान में हमेशा बनाए रखें, जिससे चीजों को समझने की आपकी दक्षता काफी बढ़ेगी।



सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बीबीए करने के बाद आपको एमबीए में एडमिशन लेने के अतिरिक्त मास कम्युनिकेशन, एनिमेशन, इवेंट मैनेजमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग इत्यादि में अपने पैशन और इंटरेस्ट के मुताबिक शॉर्ट टर्म कोर्स भी करते रहना चाहिए। इससे आपकी दक्षता तो बढ़ती ही है, आपका फोकस क्लियर होने से आप सफलता की राह पर इतनी ही तीव्रता से आगे की ओर बढ़ सकते हैं।

ध्यान दीजिये कि अगर आप साधारण कॉलेज से बीबीए करते हैं, और मार्केट ट्रेंड्स पर नजर बनाए रखते हैं, तो शुरुआत में 12000 से 18000 तक की मासिक वेतन पर आपको शुरुआत मिल सकती है, और जैसे–जैसे आप अनुभव में दक्ष होते जाएंगे, वैसे–वैसे लीडर्स की पोजीशन आपको अपनाती चली जाएगी। हालाँकि बीबीए के बाद आपको एमबीए करने की सलाह भी कई एक्सपर्ट आपको देंगे और यह बेहद नॉर्मल है। बीबीए के बाद एमबीए तकरीबन 2 वर्ष का है और तमाम टॉप कॉलेज आपको आसानी से एक से बढ़कर एक आप्शन देते हैं। हालांकि इसके लिए आपको कैट और मैट जैसे एंट्रेंस एग्जाम पास करने पड़ते हैं, और फिर एमबीए में आप मार्केटिंग, एचआर, फाइनेंस और इंटरनेशनल ट्रेड इत्यादि दूसरे स्पेशलाइजेशन कोर्स कर सकते हैं, और अपने कैरियर को चुन सकते हैं। अगर आप के पास समय कम है और आप जॉब कर रहे हैं, तो एग्जीक्यूटिव एमबीए में भी आपको बेहतरीन ऑप्शन उपलब्ध हो सकते हैं, और फिर बाद में आप हेल्थकेयर, टेक्नोलॉजी, गवर्नमेंट एजेंसी, मैन्युफैक्चरिंग एनजीओ और एफएमसीजी ऑर्गेनाइजेशंस में काम करके अपने कैरियर को सेप दे सकते हैं, तो बेहतरीन पैसे कमा सकते हैं। अगर आप एमबीए नहीं कर पाते हैं, तो मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं। हालांकि कई जगह पर इन दोनों के बीच में कोई फर्क नहीं है, लेकिन एमबीए जहाँ डिग्री कोर्स है, जबकि पीजीडीएम एक डिप्लोमा कोर्स माना जाता है। परंतु अगर आपने किसी बेहतरीन कॉलेज से डिप्लोमा भी किया हुआ है, तो बीबीए के बाद इसका काफी महत्व होता है। एमबीए और पीजी डिप्लोमा के अलावा आप एमएस कोर्स भी कर सकते हैं और मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री ले सकते हैं। 2 वर्ष के इस कोर्स को किसी भी यूजीसी से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी द्वारा किया जा सकता है। सबसे बेहतरीन है कि आप कितनी तत्परता से इन कोर्सेज को सीखते हैं और कितनी स्पीड के साथ अपने कॅरियर में अपनाते हैं। अगर आप सावधानीपूर्वक और फोकस तरीके से इसे करते हैं, तो ना केवल एंटरप्रेन्योरशिप में, बल्कि फाइनेंस एंड अकाउंटिंग मैनेजमेंट, मार्केटिंग, सप्लाई चैन मैनेजमेंट, एचआर मैनेजमेंट, टूरिज्म मैनेजमेंट इत्यादि क्षेत्रों में भी अपने झंडे गाड़ सकते हैं। प्राइवेट सेक्टर में तो एडवरटाइजिंग, बैंकिंग, कंसलटेंसी, एविएशन, फाइनेंस, एंटरटेनमेंट, आईटी, इंश्योरेंस, ऑनलाइन मार्केटिंग, मैन्युफैक्चरिंग इत्यादि इंडस्ट्रीज आपको हाथों हाथ ले सकती हैं।



# इन तरीकों से भी आप जुड़ सकते हैं ब्यूटी इंडस्ट्री से

**इसके बारे में तो हर कोई जानता है। एक मेकअप आर्टिस्ट पार्टी वियर मेकअप से लेकर ब्राइडल, फोटोशूट, मीडिया मेकअप आदि करता है। इनका मुख्य काम कॉस्मेटिक्स का सही तरह से एप्लीकेशन करना होता है और इन्हें कलर्स व शेड्स की काफी अच्छी जानकारी होती है। बतौर प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट आप सैलून, फिल्म, थिएटर, मॉडलिंग एजेंसी या फैशन डिजाइनर्स आदि के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।**

जब भी ब्यूटी इंडस्टी में कॅरियर बनाने की बात होती है तो सबसे पहले मेकअप आर्टिंस्ट बनने का ही ख्याल आता है। यकीनन यह कॅरियर ऑप्शन हर किसी के मन को लुभाता है और आजकल तो सिर्फ महिलाएं ही नहीं, पुरूष भी बतौर मेकअप आर्टिंस्ट बनकर अच्छा खासा पैसा और नाम कमा रहे हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप सिर्फ मेकअप आर्टिंस्ट बनकर ही अपना कॅरियर संवारें। अगर आप भी खुद को खूबसूरती की इस दुनिया में स्थापित करना चाहते हैं तो इसके लिए आप अन्य कई राहों को चुन सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको इनमें से कुछ के बारे में बताते हैं–

### मेकअप आर्टिस्ट

इसके बारे में तो हर कोई जानता है। एक मेकअप आर्टिंस्ट पार्टी वियर मेकअप से लेकर ब्राइडल, फोटोशूट, मीडिया मेकअप आदि करता है। इनका मुख्य काम कॉस्मेटिक्स का सही तरह से एप्लीकेशन करना होता है और इन्हें कलर्स व शेड्स की काफी अच्छी जानकारी होती है। बतौर प्रोफेशनल मेकअप आर्टिंस्ट आप सैलून, फिल्म, थिएटर, मॉडलिंग एजेंसी या फैशन डिजाइनर्स आदि के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

### ब्यूटी ब्लॉगर

अगर आप अपने टैलेंट व स्किल को दुनिया के सामने लाना चाहते हैं तो इसमें इंटरनेट की मदद लें। आप बतौर ब्यूटी ब्लॉगर खुद को स्थापित कर सकते हैं। आप लेखन या वीडियोज के जरिए अपने स्किल्स को लोगों के साथ बांट सकते हैं। अगर आप सच में मेकअप व ब्यूटी केयर की गहरी समझ रखते हैं तो यकीनन लोग आपको काफी पसंद करेंगे। आप अपने ब्लॉग में किसी मेकअप प्रॉडक्ट का रिव्यू करने से लेकर ब्यूटी व मेकअप करने की तकनीक, मेकअप ट्यूटोरियल, ब्यूटी टिप्स व टेंड के बारे में बता सकते हैं। बस आप अपना ब्लॉग या चैनल शुरू करें और अपना ज्ञान दूसरों के साथ बांटें। बतौर ब्यूटी ब्लॉगर आप खुद को काफी फेमस भी कर सकते हैं।

### हेयर स्टाइलिस्ट

कभी भी मेकअप तभी अच्छा लगता है, जब हेयरस्टाइलिंग भी अच्छी हो। जहां कुछ समय पहले तक मेकअप आर्टिंस्ट ही हेयर स्टाइलिंग करते थे, वहीं अब अलग से प्रोफेशनल हेयर स्टाइलिस्ट की डिमांड होने लगी है। हेयर स्टाइलिस्ट बालों को कटिंग, ट्रिमिंग, स्टाइलिंग और अन्य तरीकों से आपको एकदम परफेक्ट लुक देते हैं। बतौर हेयरस्टाइलिस्ट आप एक्टर्स, थिएटर प्रॉडक्शन, टेलीविजन सेट्स या मेकअप आर्टिंस्ट के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

### नेल टेक्नीशियन

पिछले कुछ समय से नेल आर्ट का क्रेज काफी बढ़ गया है। आजकल नाखूनों को एक कैनवास के रूप में देखा जा रहा है, जिस पर आप अपनी क्रिएटिविटी को आसानी से उकेर सकते हैं। प्रोफेशनल नेल टेक्नीशियन की मार्केट में अलग से डिमांड है। यह नाखूनों पर बेहद खूबसूरत नेल डिजाइन्स बनाते हैं। बतौर नेल टेक्नीशियन आप खुद का नेल सैलून खोल सकते हैं या फिर अन्य सैलून, स्पा या रिसॉर्ट आदि में काम कर सकते हैं।

# इन प्रश्नों की मदद से आप किसी की भी पर्सनैलिटी के बारे में जान सकते हैं

अक्सर हम किसी भी व्यक्ति की पर्सनैलिटी के विषय में जब जानना चाहते हैं तो हम उससे कुछ सवाल पूछते हैं। उन सवालों के आधार पर हम ये जानने और समझने का प्रयास करते हैं कि व्यक्ति की पर्सनैलिटी कैसी है। आइए जानते हैं उन सैम्पल प्रश्नों के विषय में जिन्हें आधार बनाकर किसी की पर्सनैलिटी के विषय में पता लगाया जा सकता है।

### आपका रोल मॉडल कौन है?

यह प्रश्न आपको किसी व्यक्ति की प्राथमिकताओं, आकांक्षाओं और उद्देश्यों के बारे में बहुत कुछ बताएगा। आप लोगों की लिस्ट पेश करके पूछ सकते हैं कि आप किस व्यक्ति की सबसे अधिक सराहना करते हैं और आपका रोल मॉडल कौन है। प्रत्येक विकल्प किसी व्यक्ति के लिए एक निश्चित प्रवृत्ति या प्राथमिकता की ओर निर्देशित कर सकता है। इस प्रश्न के जरिए किसी की पर्नैलिटी का आसानी से पता लगाया जा सकता है।

### आपको सबसे बेहतर कौन जानता है?

व्यक्ति के खुलेपन और घनिष्ठ संबंध बनाने की इच्छा के बारे में बहुत कुछ जानना चाहते हैं तो यह प्रश्न उस व्यक्ति के बारे में यह बताएगा। यदि उनकी अपनी मां उन्हें सबसे अच्छी तरह से जानती है, तो आप एक अंतर्मुखी के साथ बात कर रहे हैं। यदि कोई कहता है कि उन्हें अपनी बहन और एक दोस्त सबसे अच्छी तरह से जानते हैं, तो आप शायद किसी ऐसे व्यक्ति से बात कर रहे हैं जो मतभेदों और असहमति के बावजूद लोगों को जानने और उनके साथ बंधने के लिए हमेशा तैयार रहता है।

### आपने अपनी सबसे बड़ी असफलता से क्या सीखा?

यह प्रश्न बताता है कि क्या कोई व्यक्ति क्रिएटिव तरीके से अपनी असफलता से निपटता है। इन प्रश्न के उत्तर के बाद आप जान सकते हैं कि व्यक्ति पॉजिटिव पर्सनैलिटी का है या नेगेटिव पर्सनैलिटी का।

### अगर आपके घर में कोई चीज टूट जाती है, तो आप सबसे पहले क्या करते हैं?

यह आपको दिखाएगा कि एक व्यक्ति समस्याओं से कैसे निपटता है और काम में बाधा आने पर उनके कार्य करने की संभावना कैसे होती है। पर्सनैलिटी जांचने के लिए यह सबसे बेहतर तरीका हो सकता है।

### वह कौन सा तरीका है जो आपको शांत करने में मदद करता है?

किसी के व्यवहार के बारे में जानना है तो ये जरूर जानिए कि व्यक्ति विषम परिस्थितियों में खुद को शांत कैसे रखता है। जो व्यक्ति विषम परिस्थियों में खुद को शांत रख सकता है वह जीवन में कुछ भी कर सकता है।





**एमबीए स्टूडेंट की डिमांड आज भी काफी ज्यादा है, और तमाम कंपनियां प्रबंधन में अलग-अलग बैकग्राउंड के एमबीए लड़कों को लेना प्रीफर करती हैं, क्योंकि कार्य करने वाले तमाम लोग तो किसी भी जगह पर उपस्थित होते हैं, पर बेहतरीन ढंग से प्रबंधन करना और कार्य कराना हर कंपनी की प्राथमिकता में सबसे ऊपर होता है।**

# एमबीए की पढ़ाई की है तो ऐसे मिल सकता है मोटा वेतन

एमबीए का मतलब प्रबंधन से जुड़ा हुआ है, तो प्रबंधन आप तभी करेंगे जब लोगों के बीच में रहेंगे। लोगों के बीच में रहने का मतलब नेटवर्किंग से भी जुड़ा होता है और ऐसी स्थिति में पार्टी– गैदरिंग इत्यादि में आपकी मौजूदगी जरूरी है। कॅरियर की चाहे जितनी भी संभावनाएं सामने आ जाएँ, ट्रेडिशनल कोर्सेज का अपना स्वैग है। आप इतना जान लीजिए कि एमबीए स्टूडेंट की डिमांड आज भी काफी ज्यादा है, और तमाम कंपनियां प्रबंधन में अलग–अलग बैकग्राउंड के एमबीए लड़कों को लेना प्रीफर करती हैं, क्योंकि कार्य करने वाले तमाम लोग तो किसी भी जगह पर उपस्थित होते हैं, पर बेहतरीन ढंग से प्रबंधन करना और कार्य कराना हर कंपनी की प्राथमिकता में सबसे ऊपर होता है। इसीलिए एमबीए करने वाले लड़कों को अच्छी खासी सैलरी भी मिलती है। हालांकि अगर आप अपने कॅरियर से लापरवाही बरतते हैं, इंटरव्यू को लेकर लापरवाही बरतते हैं, तो आप सैलरी के मामले में पिछड़ सकते हैं। आइए जानते हैं कि एमबीए करते समय और उसके पहले क्या सावधानियां आपको अच्छा खासा वेतन दिला सकती हैं।

### विषय का रखें ध्यान

जी हां! 12वीं के तत्काल बाद आपको विषयों के चुनाव में सावधानी बरतना चाहिए। अगर आप बाद में एमबीए करना चाहते हैं, तो ग्रेजुएशन में ही उन विषयों को चुनकर रखना चाहिए, जो बाद में एमबीए करने में आपकी मदद करें। साथ ही इंग्लिश पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि मल्टीनेशनल कंपनियां इंग्लिश को अच्छा खासा प्रेफरेंस देती हैं, तो शुरु से ही अगर आप इसकी तैयारी करते हैं, तो बाद के दिनों में आप इसमें महारत हासिल कर सकते हैं।

### बिजनेस वर्ल्ड पर नजर रखें

शेयर मार्केट की उठापटक, मार्केट ट्रेस करना, कंपनी को रिस्ट्रक्चर किस तरह से किया जाता है, कंपनी के संभालने– रजिस्ट्रेशन इत्यादि से संबंधित कानून इत्यादि बिजनेस वर्ल्ड की तमाम बातों को आप अनदेखा ना करें, बल्कि उन पर केस स्टडी करें। ऑनलाइन तमाम मैटेरियल अवेलेबल हैं, किंतु आप अपने दूसरे फ्रेंड्स, कलीग्स इत्यादि से भी इन विषयों पर गहराई से बात कर सकते हैं। यह आपके नॉलेज को बढ़ाने में अच्छा खासा सहायक सिद्ध होगा, क्योंकि आखिरकार आपको बिजनेस वर्ल्ड में ही जाना और उसके अनुरूप कार्य करना है। ध्यान रखिए एमबीए का मतलब प्रबंधन से जुड़ा हुआ है, तो प्रबंधन आप तभी करेंगे जब लोगों के बीच में रहेंगे। लोगों के बीच में रहने का मतलब नेटवर्किंग से भी जुड़ा होता है और ऐसी स्थिति में पार्टी– गैदरिंग इत्यादि में आपकी मौजूदगी जरूरी है। जाहिर तौर पर आप इस तरह की टीम स्पिरिट विकसित करके नेटवर्किंग बढ़ा सकते हैं, और इस मामले में अपनी स्किल को धार दे सकते हैं।

### ग्रुप स्टडी

यह आपकी काफी मदद कर सकती है, क्योंकि एक विषय को जब आप पढ़ते हैं, तो आपका अपना एक नजरिया होता है, एक दिशा होती है, वहीं जब आप ग्रुप स्टडी करते हैं, तो कई सारे पक्ष आपके सामने आते हैं। इसके अलावा ग्रुप स्टडी का एक फायदा यह भी नजर आता है कि कई बार जो चीज आप नहीं पढ़े होते हैं, वह भी ग्रुप स्टडी में सुन–सुनकर आपका सबकॉन्शियस माइंड उन चीजों को ऐड कर लेता है।

## लक्ष्य क्लियर रखें

ध्यान रखिए! प्रबंधन के विषयों में उद्देश्य समझना जरूरी है। आप क्या कर रहे हैं, क्यों कर रहे हैं, आप खुद से क्या चाहते हैं? अगर यह सारी चीजें आपके दिमाग में पहले से क्लियर हैं, तो उन उद्देश्यों को पाने से आपको कोई नहीं रोक सकता, किंतु अगर आप खुद ही क्लियर नहीं हैं, तो आप मुश्किल में पड़ने वाले हैं, और आप को नहीं समझ में आएगा कि आप जिंदगी से वास्तव में चाहते क्या हैं? सोचिये–समझिये कि आप अपने कॅरियर से चाहते क्या हैं और अपना लक्ष्य क्लियर रखें, और उसी के अनुरूप तैयारी करें। इसी के माध्यम से अगर आप इन विषयों में महारत हासिल कर लेते हैं, तो दुनिया की कोई ताकत आपको मोटा वेतन से और एक सफल कैरियर बनाने से नहीं रोक सकती। जहाँ तक एमबीए में प्रवेश के लिए योग्यता की बात है तो आपको ग्रेजुएशन में डिग्री के साथ–साथ कम से कम 50% मार्क्स होने आवश्यक हैं और अलग–अलग पैटर्न के एग्जाम देकर आप इस में प्रवेश ले सकते हैं।

मुख्य रूप से एमबीए इन फाइनेंस, एमबीए इन मार्केटिंग, एमबीए इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, एमबीए इन इंटरनेशनल बिजनेस, एमबीए इन ऑपरेशन मैनेजमेंट, एमबीए इन इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के कोर्स मौजूद हैं। इसके लिए ऊपर बताये गए पॉइंट्स को अवश्य ही ध्यान में रखें और तभी आपका कांसेप्ट क्लियर रहेगा और आप एक सफल कॅरियर और मोटी तनख्वाह की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com